kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-349 ❑ शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



भारत का ऐतिहासिक और नैतिक दायित्व विश्व को मर्यादा का बोध कराना है और यह कार्य न तो भाषणों से होगा, न पुस्तकों से, बल्कि व्यवहार और आचरण के माध्यम से ही संभव है। **मोहन भागवत**

पीएमजीएसवाई के तहत 10 हजार किलोमीटर परियोजनाओं को मिली मंजूरी 11

गायत्री मंत्र जन-जन की चेतना और राष्ट्र परिवर्तन की शक्तिः शाह 12

## संक्षेप

### 1 करोड़ के इनामी अनल समेत 10 माओवादी ढेर

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगलों में गुरुवार सुबह छोटानागरा थाना क्षेत्र के कुंभडीह गांव के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, 1 करोड़ रुपये के इनामी शीर्ष माओवादी कमांडर अनल दा उर्फ तूफान समेत 10 नक्सली ढेर हो गए। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी की, तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों को निर्णायक सफलता मिली। मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी है, और सर्च ऑपरेशन चल रहा। कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा ने मुठभेड़ की पुष्टि की, लेकिन मारे गए नक्सलियों की संख्या व पहचान पर आधिकारिक बयान ऑपरेशन समाप्त होने के बाद ही देने की बात कही। उन्होंने विषम इलाके में सतर्कता बरतने की बात कही। पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट है, अतिरिक्त बल तैनात। यह कार्रवाई भाकपा (माओवादी) के अनल दस्ते के खिलाफ थी, जो बड़ी साजिश रच रहा था। मुठभेड़ स्थल से हथियार, गोला-बारूद बरामद। सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### मुंबई नगर निगम में होगा महिलाओं का राज

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की कमान इस बार एक महिला के हाथों में होगी। गुरुवार को आए लॉटरी के नतीजों के अनुसार, बीएमसी में महापौर का पद 'सामान्य श्रेणी की महिला' के लिए आरक्षित किया गया है। राज्य सरकार सभी नगर निगमों के लिए महापौर पद के आरक्षण का निर्धारण लॉटरी पद्धति के जरिए करती है। इस प्रक्रिया के दौरान मुंबई नगर निगम के लिए निकाला गया ड्रा सामान्य वर्ग की महिला के पक्ष में रहा। अब इस आरक्षण के बाद यह तय हो गया है कि बीएमसी का अगला महापौर इसी श्रेणी से चुना जाएगा।

### एडाप्ट हेरिटेज पॉलिसी के तहत स्मारक मित्रों का चयन

**लखनऊ।** संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा एडाप्ट हेरिटेज पॉलिसी के अंतर्गत राज्य संरक्षित धार्मिक स्थलों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। प्रथम चरण के बाद दूसरे चरण में भी 10 अन्य स्मारकों के लिए स्मारक मित्र नामित किए गए हैं। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत गोपीनाथ मंदिर वृंदावन, पोत्राकुंड मथुरा, विगारा की गढ़ी झांसी, लक्ष्मी मंदिर झांसी, कुसुमवन सरोवर मथुरा, रसखान की समाधि मथुरा, बाल्मीकि आश्रम बिठूर, शिव मंदिर तालाब मूरतगंज कौशाम्बी, टिकैतराय शिव मंदिर बिठूर, सारनाथ मंदिर, दरबाग मिर्ज़ापुर, गोवर्धन मंदिर, लरवाक मिर्ज़ापुर तथा गुरु धाम मंदिर वाराणसी के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया गया है।

## सौ साल के मतदाता बताएंगे वोट का महत्व

❑ एसआईआर के बीच राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

❑ आईजीपी में होगा समारोह, मतदाताओं का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सौ साल या उससे अधिक उम्र के जिले में पांच मतदाता हैं। उनको इस बार 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही निर्वाचन में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ से लेकर अधिकारियों तक को सम्मान मिलेगा। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन होगा। जिला प्रशासन के अधिकारियों को गुरुवार चुनाव आयोग की ओर से जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए प्रदेश स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होंगी। कार्यक्रम को व्यापक रूप देने के लिए पोस्टर व बैनर के साथ लाइव प्रसारण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की भी व्यवस्था की जा रही है।

इस बार का थीम 'माई इंडिया माई वोट, सिटिजन ऐट द हार्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी' रखा गया है। कार्यक्रम 11 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम के दौरान पहली बार मतदाता बने युवाओं को मिलेगा मतदाता पहचान पत्र भी दिया जाएगा। जिला स्तर पर हाफ मैराथन, प्रभात फ़ेरी लखनऊ में प्रभात फ़ेरी, हाफ मैराथन का आयोजन होगा। साथ ही कॉलेज स्तर पर स्लोगन राइटिंग, फोटो प्रदर्शनी, मेंहदी, ● शेष पेज 11 पर

## चुनाव आयोग ने प्रस्तुत किया अपना डिजिटल मंच ईसीआईनेट

### विश्व के सामने दूसरे निकायों को प्रौद्योगिकी सहयोग की पेशकश

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) में चुनाव से संबंधित सभी जानकारी और सेवाओं के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट का उद्घाटन किया और इसकी प्रौद्योगिकी को दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया।

तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भारत मंडपम में चल रहा है। ईसीआईनेट की परिकल्पना श्री ज्ञानेश कुमार ने अपने साथी चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर की है। आयोग ने इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की थी। श्री कुमार ने विश्व भर में इसे चुनाव प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं और संगठनों के समक्ष ईसीआईएनट को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध है। उन्होंने इसकी प्रौद्योगिकी को दुनिया के दूसरे देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमपी) को अपने देशों के लिए, अपने कानूनों के अनुसार, और अपनी-अपनी भाषाओं में, इसी तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास पर भारत के साथ सहयोग करने की पेशकश की।



इस अवसर पर डॉ. संधू ने कहा कि ईसीआईनेट चुनाव प्रबंधन में विश्वास बढ़ाने वाला एक प्रतिष्ठित उपकरण है क्योंकि यह अधिक पारदर्शिता लाता है और सभी कार्यों की निगरानी में मदद करता है और त्वरित निर्णय लेने तथा जानकारी के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है।चुनाव आयुक्त डॉ.जोशी ने कहा कि यह सम्मेलन भारत के चुनाव आयोग जैसे दूसरे देशों के चुनाव निकायों को प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों को अपनाने पर वैश्विक प्रथाओं से सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर देगा। इन प्लेटफार्म के बारे में जानकारी देते हुए आयोग की महानिदेशक ( सूचना प्रौद्योगिकी ) डॉ. सीमा खन्ना ने कहा कि साइबर सुरक्षा इसके प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक का प्रयोग रणनीतिक आवश्यकता बन गयी है। यह मंच चुनाव में पारदर्शिता, दक्षता, विश्वसनीयता और जनता के विश्वास को बढ़ाने वाला है। ईसीआईनेट दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी सेवा प्लेटफॉर्म है जो भारत के चुनाव आयोग के 40 से ज़्यादा ऐप्स और पोर्टल्स को समन्वित करके दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सभी चुनावी सेवाओं को एक साथ एक सहज अनुभव में लाता है। यह नागरिकों, उम्मीदवारों, ● शेष पेज 11 पर

## सनातन धर्म को कमजोर करने वालों से सतर्क रहने की जरूरत

### प्रयागराज विवाद के बीच सीएम योगी का बड़ा बयान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो/एजेंसी



लखनऊ/सोनीपत। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसका धर्म ही उसकी संपत्ति और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है।

सोनीपत में आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं आठ महंतों के भव्य भंडारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन धर्म की आड़ में उसे कमजोर करने की साजिशें रचने वाले कालनेमि तत्व समाज के लिए खतरा हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले तत्व न केवल सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात करते हैं। उन्होंने संत परंपरा को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे माघ मेले और ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े विवाद के बीच एक बड़ा और सख्त बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एक योगी, एक संत या संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। योगी ने स्पष्ट किया कि संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसकी असली संपत्ति धर्म है और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान है। उन्होंने आयोजक गोरक्षपीठाधीश्वर महंत बालक नाथ महाराज, यहां के महंत और अन्य आयोजकों को बधाई दी। योगी ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत में नाथ संप्रदाय सबसे प्राचीन और प्रभावशाली समुदाय है। यह संप्रदाय जनता को जीने का अच्छा तरीका सिखाता है और सनातन धर्म को मजबूत करने में सबसे आगे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सनातन धर्म की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि गुलामी और विदेशी ताकतों को पीछे छोड़ते हुए हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। भारत का हित होगा तो सनातन धर्म मजबूत होगा, कहा कि ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राजनीति भी ऐसे लोगों के हाथों में ● शेष पेज 11 पर

### बयांन वीर न बने योगी मेरे साथ अपराध हुआ हैं सरकार उसका संज्ञान लें : स्वामी अविन्मुतेशवरा नन्द

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेले में हुए प्रशासन से विवाद पर आज गुरुवार को शंकराचार्य अविमुकतेशवरा नन्द और मेला प्रशासन के बीच चल रहें स्नान क़ो लेकर विवाद जल्द खत्म होता नही दिख रहा हैं। 18 जनवरी क़ो विवाद के बाद जो नोटिस मेला प्रशासन नें अविमुकतेशवरा नन्द क़ो भेजी थी उससे वो बेहद नाराज़ हैं उन्होंने कहा की वो माघ मेले मे कोई नये नही आ रहें 40 साल से आ रहें तब तो शिविर देते थे अगर उनका मन हो तो शिविर क़ो उखाड़ कर फेंक दे हम तो वैसे भी फुटपाथ पर बैठे हैं। स्वामी अविन्मुतेशवरा नन्द सरकार के रवैये से भी नाराज़ हैं उनका कहना हैं की मुख्य मंत्री नकली असली सनातन की बात करते हैं हम सुख नही भोग रहें वो राज गद्दी संभाले हैं, इसलिए ब्यान वीर न बने जो हुआ हैं उसको देखे की क्या अपराध हुआ हैं, उस पर निर्णय करें, स्वामी अविमुकतेशवरा नन्द नें ये भी साफ कर दिया की मात्र कुछ पुलिस कर्मियों क़ो इस मामले मे सस्पेंड कर देने भर से भी वो नही मानेगे।

## डोडा सड़क हादसे में सेना के 10 जवानों की मौत

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे में सेना के एक वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से 10 जवानों की मौत हो गयी और 11 अन्य घायल हो गए।

यहां अधिकारियों ने बताया कि सेना का कैस्पर वाहन भद्रवाह-चंबा सड़क पर थानाला के ऊपरी इलाके खन्नीटॉप के पास फिसलन भरी सड़क के कारण करीब 300 फीट गहरी खाई में गिर गया। यह टीम एक टीम ऑपरेशन के लिए जा रही थी। यह हादसा इतना भयावह था कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सेना, पुलिस और स्थानीय लोगों ने दुर्गम क्षेत्र में कई घंटों तक बचाव अभियान चलाया। जिला प्रशासन के अनुसार, वाहन में सेना के कुल 21 जवान सवार थे, जिनमें से 10 की मौके पर ही मौत हो गई।



गंभीर रूप से घायल 10 जवानों को उधमपुर के कमांड अस्पताल में तत्काल उपचार के लिए एयरलिफ्ट किया गया है, जबकि मामूली रूप से घायल एक जवान का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश अपने बहादुर सैनिकों की उत्कृष्ट सेवा और उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेगा। उपराज्यपाल ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश एकजुट होकर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायल जवानों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस हृदय विदारक त्रासदी पर गहरा दुख प्रकट किया है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने बहादुर सैनिकों के बलिदान पर गर्व है और पूरा देश शहीद सैनिकों के परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने इस घटना को पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए एक बड़ी त्रासदी बताते हुए प्रशासन को घायलों के उपचार में कोई कसर न छोड़ने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर बताया कि इस दुखद दुर्घटना के बारे में जानकर गहरा सदमा लगा है और उन्होंने डोडा के डीसी हरविंदर ● शेष पेज 11 पर

## सरकार बजट सत्र से पहले 27 जनवरी को बुला सकती है सर्वदलीय बैठक

नयी दिल्ली। सरकार संसद के बजट सत्र के सुचारू संचालन के लिए 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुला सकती है जिसमें सभी दलों के नेताओं के साथ सत्र के कामकाज और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। संसद सत्र शुरू होने से पहले सरकार की ओर से परंपरानुसार सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है। इस बार सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और उससे पहले 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन है। ऐसे में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू संभवत 27 जनवरी को सर्वदलीय बैठक बुला सकते हैं। सर्वदलीय बैठक सरकार को सभी दलों के नेताओं के साथ चर्चा का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। बैठक में सरकार सत्र के एजेंडा के अनुसार अपनी प्राथमिकताओं को ● शेष पेज 11 पर

## भारत की बेटियां हर क्षेत्र में बना रही हैं नये रिकार्ड : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी ने कहा कि जिस देश में पुत्रियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है, वहां आज से 11 वर्ष पहले इसी दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान आरंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने बेटियों के महत्व पर आधारित शाश्वत भारतीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि एक पुत्री दस पुत्रों के समान है और दस पुत्रों से प्राप्त पुण्य या सद्गुण एक पुत्री से भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा ''कन्या को लक्ष्मी मानने वाले हमारे देश में 11 साल पहले आज ही के दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह बड़े गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नित-नये रिकॉर्ड बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत 22 जनवरी 2015 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अस्तित्व, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

## 'सिदूर फार्मेशन' में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे लड़ाकू विमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस पर वायु सेना के प्रमुख लड़ाकू विमान इस बार फ्लाईपास्ट के दौरान 'सिंदूर फार्मेशन' में उडान भर कर अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। वायु सेना हवाई प्रदर्शन की अपनी शानदार परंपरा को जारी रखते हुए और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों में दुश्मन पर गहरी और सटीक प्रहार करने की क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन करेगी। सिंदूर फार्मेशन में सात विमान दो राफ़ेल, दो सुखोई-30, दो मिग-29 और एक जगुआर विमान शामिल होंगे।

वायु सेना ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि फ्लाई-पास्ट में कुल 29 विमान शामिल होंगे जिनमें 16 लड़ाकू विमान, 4 हेलीकॉप्टर और 9 परिवहन विमान शामिल हैं। यह भारतीय वायु सेना की व्यापक संचालन पहुंच, बहुमुखी क्षमता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी श्रेष्ठता को प्रदर्शित करेगा। फ्लाईपास्ट दो अलग-अलग ब्लॉकों में किया जायेगा जिसमें पहले ब्लॉक की शुरूआत चार एमआई-17 हेलीकॉप्टरों की 'ध्वज' फ़ॉर्मेशन से होगी। इसमें कर्तव्य पथ पर फुलों की पंखुडी बरसाई जायेंगी। इसके बाद 'प्रहार' फ़ॉर्मेशन में तीन उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) शामिल हैं और उसके बाद आर्मी एविएशन से हथियार प्रणालीऽएकीकृत एएलएच की विक फ़ॉर्मेशन दिखाई जाएगी। इसके बाद लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की लाइन एस्टर्न फ़ॉर्मेशन में उड़ान भरेगी, जिसमें एक अपाचे और एक हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर शामिल होगा। ब्लॉक-1 की मुख्य विशेषता 'स्पीयरहेड' फ़ॉर्मेशन होगी, जो ऑपरेशन सिंदूर को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी और इसमें प्रमुख लड़ाकू विमान जैसे राफ़ेल, मिग-29, सुखोई-30 और जगुआर विमान शामिल होंगे, जो वायु सेना की लड़ाकू शक्ति और बहु-भूमिका क्षमता को दर्शाते हैं। ब्लॉक-2 परेड के बाद होगा जिसमें वायु सेना की रणनीतिक एयरलिफ्ट, समुद्री और हवाई प्रभुत्व क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा। ● शेष पेज 11 पर

### यूपी दिवस विशेष : रिकॉर्ड निवेश से औद्योगिक आधार का विस्तार, कारखानों, रोजगार और उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि

## युग का आगाज, एमओयू से ग्राउंड ब्रेकिंग तक ऐतिहासिक प्रगति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते पौने नौ वर्षों में विकास की वह यात्रा तय की है, जो वर्ष 2017 से पहले कल्पना से परे थी। एक समय निवेशकों के लिए अविश्वसनीय माना जाने वाला प्रदेश आज देश का सबसे बड़ा निवेश गंतव्य बन चुका है। वर्ष 2018 की पहली इन्वेस्टर्स समिट से लेकर 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक योगी सरकार ने निवेश को सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ग्राउंड ब्रेकिंग और क्रियान्वयन के मजबूत मॉडल के जरिए उसे धरातल पर उतारा। प्रदेश में अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली 16 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है, जिनमें से हजारों परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से संचालित होकर लाखों युवाओं को रोजगार दे रही हैं।

प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान, डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर नीति, आईटीऽआईटीईएस, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में किए गए सुनियोजित प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से निकालकर भारत के औद्योगिक विकास का अगुआ बना दिया है। कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और समयबद्ध निर्णयों के साथ योगी सरकार ने यह साबित किया है कि उत्तर प्रदेश केवल संभावनाओं का नहीं, बल्कि संभावनाओं को परिणाम में परिवर्तित करने वाला राज्य है।

वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की पहचान कमजोर कानून-व्यवस्था, निवेशकों की उदासीनता और अधूरी परियोजनाओं से जुड़ी थी। उद्योग लगाने में वर्षों लग जाते थे, फाइलें दफ्तरों में अटकी रहती थीं और रोजगार की तलाश में युवा प्रदेश से बाहर पलायन करने को मजबूर थे। इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे, औद्योगिक पार्क और आधुनिक लॉजिस्टिक्स की कमी ने राज्य की अर्थव्यवस्था को जकड़ रखा था।



❑ इन्वेस्टर्स समिट, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और चार ग्राउंडब्रेकिंग समारोहों से यूपी बना देश का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य

❑ सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, लेदर, फूड प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स हब के जरिए संतुलित क्षेत्रीय विकास

❑ राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत समग्र योजना, तेज क्रियान्वयन और जनपद स्तर तक इंटीग्रेशन

❑ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के साथ रक्षा कॉरिडोर, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का विस्तार

वर्ष 2017 में सत्ता संभालते ही योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कानून-व्यवस्था, पारदर्शिता और गुड गवर्नेंस को प्राथमिकता दी। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस', 'इन्वेस्ट यूपी' और 'निवेश सारथी' जैसे प्लेटफॉर्म्स ने निवेशकों का भरोसा लौटाया। वर्ष 2018 की इन्वेस्टर्स समिट से शुरू हुई यह यात्रा 2023 की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट तक ?45 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों तक पहुंची है और अब भी निरंतर जारी है। योगी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि निवेश सिर्फ एमओयू तक सीमित नहीं रहे। अब तक चार ग्राउंडब्रेकिंग समारोहों के जरिए 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 16,000 से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास हो चुका है। इनमें 8,300 से अधिक परियोजनाओं का व्यावसायिक संचालन प्रारंभ हो चुका है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार मिला है। योगी सरकार की औद्योगिक नीति ने कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित रहने के बजाय सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, लेदर, फूड प्रोसेसिंग, प्लास्टिक, परफ्यूम, फार्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विविध क्षेत्रों को समान रूप से बढ़ावा दिया। पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क, मेगा लेदर क्लस्टर, फूड पार्क और फ्लैटेड फैक्ट्री मॉडल ने छोटे-मध्यम निवेशकों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। आज देश के 65% से अधिक मोबाइल फोन उत्तर प्रदेश में बन रहे हैं और लखनऊ-नोएडा जैसे शहर उभरते टेक हब बन चुके हैं। प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ उत्तर प्रदेश ने ● शेष पेज 11 पर

# ग्रामीण मीडिया कार्यशाला में 'विकसित भारत जी राम जी कानून' पर मंथन

❐ कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सामूहिक गायन से हुई




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। पत्र सूचना कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में गुरुवार को प्रयागराज जिले की मेजा तहसील स्थित पंडित कृपाशंकर तिवारी महाविद्यालय में 'विकसित भारतऽजी राम जी कानून' विषय पर ग्रामीण मीडिया कार्यशाला, वार्तालाप का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में हाल में भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सामूहिक गायन से हुई। मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि 'विकसित भारतऽजी राम जी कानून' सेवा, सुशासन और समृद्धि की अवधारणा पर आधारित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि यह कानून पात्र ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, जो मनरेगा की 100 दिनों की व्यवस्था से आगे का कदम है।अतिथि वक्ता अशोक नाथ तिवारी ने इसे विकास की दिशा में प्रभावी पहल बताया। डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत केवल नारा नहीं, बल्कि समग्र विकास का संकल्प है, जिसमें गांवों की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने मजदूरी भुगतान 7ऽ15 दिनों में सुनिश्चित करने, डिजिटल भुगतान, बायोमेट्रिक सत्यापन, जियो-टैगिंग, रियल-टाइम मॉनिटरिंग और सोशल ऑडिट जैसी पारदर्शी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। अनूप शुक्ल (बैंक ऑफ बड़ौदा) ने सरकारी योजनाओं में बैंकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। घ्स्रढ व केंद्रीय संचार ब्यूरो, यूपी के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने बताया कि 24 से 28 जनवरी 2026 तक 'इंटीग्रेटेड कम्युनिकेशन एंड आउटरीच प्रोग्राम' के तहत पांच दिवसीय प्रदर्शनी व संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें कानून के प्रावधानों, विभागीय उपलब्धियों और गणतंत्र दिवस विषयवस्तु का प्रदर्शन होगा।

## बाल विवाह के बारे में किया गया जागरूक

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्ग दर्शन में जनपद- रायबरेली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें जनमानस को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें ''बाल विवाह मुक्त भारत'' अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेन्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, एवं आम जनमानस उपस्थित रहे।

## एफआईआर दर्ज न होने पर अधिवक्ताओं ने आंदोलन की दी चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। महिला अधिवक्ता से जुड़े एक गंभीर प्रकरण को लेकर प्रयागराज के अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला और जिला अधिवक्ता संघ (बार एसोसिएशन) के लेटरहेड पर लिखित प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने महिला अधिवक्ता की प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) तत्काल पंजीकृत किए जाने तथा मामले में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

इस अवसर पर एडवोकेट इक़बाल अहमद सिद्दीकी एवं एडवोकेट हन्जला फारूकी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो अधिवक्ता समाज को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट जफर अली ने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि



अधिवक्ताओं पर बढ़ते हमलों को देखते हुए एक सशक्त सुरक्षा कानून समय की आवश्यकता बन चुका है।हाईकोर्ट के कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्रा ने भी महिला अधिवक्ता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग का समर्थन किया।प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से एडवोकेट आसिफ फारूकी, एडवोकेट शिवम मौर्य, एडवोकेट अनुराग गौतम, एडवोकेट मोहम्मद हामिद अली, एडवोकेट हन्जला फारूकी, एडवोकेट हसनैन खान, एडवोकेट मिथिलेश कुमार ओझा, एडवोकेट राम राजा जायसवाल एवं एडवोकेट प्रियंका सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि महिला अधिवक्ताओं की गरिमा, सुरक्षा और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## कृषि यंत्रों की ई-लाटरी 24 जनवरी को

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जनपद में कृषि यंत्रों के अनुदान हेतु ई-लाटरी का आयोजन 24 जनवरी 2026 को किया जाएगा। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (द्दख्इख्) योजना के अंतर्गत कृषकों द्वारा 8 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर एवं फार्म मशीनरी बैंक के लिए ऑनलाइन बुकिंग की गई थी। चयन प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी के माध्यम से की जाएगी। यह ई-लाटरी 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे से विकास भवन स्थित गंगा सभागार में आयोजित होगी। चयनित कृषकों को मोबाइल पर एसएमएस द्वारा सूचना दी जाएगी।

## सेवा मित्र पोर्टल से मिलेंगी घरेलू व तकनीकी सेवाएं

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवा मित्र पोर्टल के माध्यम से आमजन को घर बैठे विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पोर्टल के अंतर्गत प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, एसी एवं मोबाइल रिपेयर, पेंटर, कुक, सफाईकर्मी और ब्यूटीशियन जैसी सेवाएं ऑनलाइन प्राप्त की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त डॉग वॉकर, बेबी सिटर, इवेंट प्लानर, केयर गिवर एवं ड्राइवर जैसी सेवाओं को भी पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। सेवा प्रदाता पद्रबथद्दद्भन्थ.फ्.द्दधप.द्द्र पर पंजीकरण कर सेवायोजन विभाग की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। पंजीकरण में किसी भी समस्या के समाधान हेतु क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

## 24 जनवरी को प्रयागराज में होगा रोजगार मेला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी रोजगार योजना के अंतर्गत 24 जनवरी 2026 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रयागराज श्री धीरज कुमार ने बताया कि यह रोजगार मेला ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ प्रयागराज परिसर में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को सरकारी सेवा में अवसर प्रदान किए जाएंगे। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अधिक से अधिक अभ्यर्थियों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन सत्यापन की अंतिम तिथि 27 जनवरी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** अन्य दशमोत्तर कक्षाओं (कक्षा 11-12 को छोड़कर) में अध्ययनरत छात्रों की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण की अंतिम तिथि 27 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि पात्र छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को निर्धारित तिथि तक सत्यापित, अग्रसारित अथवा निरस्त करना सुनिश्चित करें। योजना की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से की जा रही है। किसी भी स्तर पर आवेदन लंबित पाए जाने पर संबंधित शिक्षण संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसलिए समयसीमा का पालन अनिवार्य है।

## उद्यान मंत्री ने विकास खंड अमावां में जिला पंचायत की 500.70 लाख लागत की 38 परियोजनाओं, सम्पर्क मार्गों का किया लोकार्पण व शिलान्यास



**रायबरेली ।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उप्र दिनेश प्रताप सिंह ने आज विकासखंड अमावां में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में आए हुए सभी पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन को सफल बनाने के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। विकास खण्ड अमावां में आयोजित पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन कार्यक्रम में मंत्री द्वारा जिला पंचायत की रु0 500.70 लाख लागत की 38 परियोजनाओं/सम्पर्क मार्गों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में 10 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान द्वार का शिलान्यास भी किया गया। मंत्री ने ब्लॉक परिसर में स्थित शहीद स्मारक में वीर स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मंत्री ने जिला पंचायत सदस्य/प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जनप्रतिधियों से उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उनकी ग्राम पंचायतों में आवश्यक विकास कार्यों हेतु सुझाव मांगे गए, जिससे की उन कार्यो को एमएलसी निधि, जिला पंचायत व सरकार से कराकर रायबरेली जनपद के समग्र विकास में योगदान दिया जा सके। पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उनके क्षेत्रों में आवश्यक कार्यों का विवरण मांगा गया। सभी सम्मानित पंचायत प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में हो रही समस्याओं के जल्द निस्तारण हेतु आश्वासन दिया गया। उद्यान मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए विकसित भारत-रोज़गार व आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) अधिनियम पर आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया बंधुओं से कहा कि वीबी-जी राम जी योजना ग्रामीण भारत को आर्थिक मजबूती, सम्मानजनक रोजगार और पारदर्शी शासन देने की दिशा में एक सशक्त पहल है। यह योजना ग्रामीण सशक्तिकरण और गरीब कल्याण का नया अध्याय शुरू करेगी।

## विशेष रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक/संयुक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ईआरओ की उपस्थिति में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में राजनैतिक दलों द्वारा जो भी सुझाव दिये गये है, उनका सही तरीकों से धरातल पर कार्य करने का प्रयास किया गया है। सभी राजनैतिक दलों का सकारात्मक सहयोग रहा है। विशेष रोल प्रेक्षक ने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो यह राजनैतिक दलों के सहयोग के बिना सम्भव नहीं है, शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो इसके लिए राजनैतिक दलों का सहयोग अपेक्षित है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जो भी आपत्तियां दर्ज करायी जाती है उसका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, उपजिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, उपजिलाधिकारी लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी डलमऊ सतेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी ऊँचाहार राजेश कुमार, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## मेजा ऊर्ज़ा निगम ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव, प्रयागराज। मेजा ऊर्ज़ा निगम ने अपनी नैगमिक सामाजिक दायित्व (CSR) गतिविधियों के अंतर्गत ठंड से बचाव हेतु आसपास के जरूरतमंद लोगों के बीच लगभग 1200 कंबलों का वितरण किया। यह वितरण उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद की मेजा तहसील के सलईया खुर्द, सलईया कला एवं मई कला ग्रामों में किया गया।इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं तथा वंचित वर्गों को सहायता उपलब्ध कराना था।मेजा ऊर्ज़ा निगम निरंतर समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में सार्थक योगदान देता आ रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस मानवीय पहल की सराहना की तथा मेजा ऊर्ज़ा निगम के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विवेक चन्द्र (विभागाध्यक्ष , मानव संसाधन), मनोज कुमार वर्मा (उप महाप्रबंधक, मानव संसाधन), सीएसआर टीम सहित देवीशंकर यादव (ग्राम प्रधान ऽ सलईया कला), सुरेश यादव (ग्राम प्रधान सलईया खुर्द), पुष्पराज सिंह (ग्राम प्रधान मई कला) एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी और अचला सप्तमी पर संगम में 3.5 करोड़ श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी , प्रशासन मुस्तैद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के तट पर आयोजित माघ मेले के चौथे स्नान पर्व बसंत पंचमी को सकुशल और सुरक्षित संपन्न कराने की मेला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली थी। बसंत पंचमी और अचला सप्तमी के आसपास पड़ने की वजह से संगम में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हैं प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और रूट डाइवर्जन की व्यवस्था लागू की है।

संगम किनारे चल रहे माघ मेले का चौथा स्नानपर्व बसंत पंचमी 23 जनवरी को है । ज्योतिषाचार्य डॉ बृजेंद्र मिश्रा का कहना है कि गुरुवार की रात 2.28 बजे से पंचमी तिथि लग जाएगी जो अगले दिन 23 जनवरी को रात 1.56 तक रहेगी। इस पुण्य काल में श्रद्धालु त्रिवेणी में डुबकी लगाकर पीले अन्न, पीले वस्त्र का दान आदि कर सकते हैं। 25 जनवरी को अचला सप्तमी का पर्व है जिसे पुत्र सप्तमी या भानु सप्तमी भी कहा जाता है। इस दिन अन्न भंडारे की परम्परा है। इस दौरान 24 जनवरी को सप्ताहांत दिवस के चलते तीनों दिन माघ मेला क्षेत्र में भीड़ रहेगी। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि

मौनी अमावस्या के बाद वसंत पंचमी में सबसे अधिक श्रद्धालुओं के संगम में पुण्य की डुबकी लगाने का प्रशासन का अनुमान है। वसंत पंचमी से लेकर अचला सप्तमी तक 3.50 करोड़ अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगा सकते हैं। मेला क्षेत्र में 3.5 किमी लंबाई में बनाए गए 24 घाट इसके लिए तैयार हैं। घाटों की सफाई व्यवस्था, नदियों में निर्मल जल की उपलब्धता से लेकर सभी बुनियादी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया गया है।

श्रद्धालुओं का दबाव बढ़ने के साथ ही उन्हें सर्कुलेट करने के लिए पांटून पुलों में भी खास व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत परेड से झूसी जाने के लिए पांटून पुल संख्या - 3, 5 और 7 का उपयोग आगंतुक कर सकते हैं जबकि झूंसी से परेड आने के लिए पांटून पुल संख्या 4 और 6 रहेंगे। आपात स्थिति के लिए बनाए गए पांटून पुल संख्या 1 और 2 में भारी पुलिस बल तैनात रहेगा ।

बसंत पंचमी पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए मेला पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय का कहना है कि भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, घाट सुरक्षा एवं निकासी व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।माघ मेला से संबंधित वाहनों को छोड़कर भारी और हल्के वाहनों को प्रयागराज जिले की सीमा में प्रवेश से पहले ही दूसरे मार्गों पर मोड़ दिया जाएगा। इसके लिए रूट डाइवर्जन व्यवस्था लागू की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बसंत पंचमी स्नान पर्व पर 23 जनवरी को नया यमुना पुल बंद रहेगा । पुराने पुल से ही आवागमन हो सकेगा।

## अभिभावक उन्मुखीकरण संघोष्ठी का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रायबरेली। ब्लॉक संसाधन केंद्र डीह में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का तृतीय एक दिवसीय अभिभावक उन्मुखीकरण संगोष्ठी प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षक विशेष शिक्षक बृजेश यादव ने अभिभावकों को शासन स्तर से मिलने वाली सुविधाएँ जैसे स्कार्ट एलाउंस, स्टाइपेंड, गंभीर रूप से दिव्यांग को मिलने वाली गृह आधारित शिक्षा , निःशुल्क शिक्षा सहायक सामग्री उपकरण दिव्यांग प्रमाण पत्र की उपयोगिता आदि पर विस्तार से चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार ने अभिभावकों से कहा कि दिव्यांगता कभी भी बाधक नहीं होती योग्यता में आप सभी अपने दिव्यांग बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और अपने सामान्य बच्चे की ही भांति दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा समान अवसर व पूर्ण भागेदारी दें प्रशिक्षण में 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया इस मौके पर मॉडल पर्सन के रूप में प्राथमिक विद्यालय कुंजल के सहायक अध्यापक राकेश कुमार, प्रधानाध्यापक चंद्रकांत श्रीवास्तव, रंजीत शाह बाबादीन अनुराग राकेश कुमार आशीष मो रईस, अरुण यादव, सीमा, बासुदेव मनबोध, बाबूलाल मो इद्रीस शकुंतला आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## कुंभ मेला के शिविर महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम में सुभाषचंद्र बोस की मनाई जाएगी जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम के सोशल मीडिया प्रभारी सह व्यवस्थापक एवं स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शुक्रवार को प्रयागराज माघ मेला में लगे अपने शिविर (महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम सेक्टर 06, ओल्ड जीटी रोड तुलसी मार्ग पूर्वी पटरी)में नेता सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई जाएगी,जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी रणजीतेशानंद के साथ साथ प्रयागराज माघ मेला में आए अन्य साधु संतों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। उन्होंने आगे बताया कि नेता जी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि था,उनके जादुई और अद्भुत नेतृत्व कौशल ने भारतीय स्वतंत्र संग्राम में नई जान फूंकी। 23 जनवरी को उस महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती है। आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें याद कर रहा है। नेताजी की जीवनी, उनके क्रांतिकारी विचार और उनका कठोर त्याग व बलिदान भारतीय युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा है और आगे भी रहेगा।पिछले वर्ष भारत सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ऐसे कई नारे दिए जिन्होंने आजादी की लड़ाई में नई जान फूंकी जैसे 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा.... !', और जय हिन्द! ऐसे नारे थे जिन्होंने आजादी की लड़ाई को तेज किया और उसे धार दी।नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में ओडिशा के कटक में हुआ था। बचपन से ही वह पढ़ाई के काफी तेज थे। स्कूल के दिनों से उनका राष्ट्रवादी स्वभाव सबको नजर आता था। स्कूलिंग के बाद उन्होंने कोलकाता के प्रेसिडेंसी कॉलेज में दाखिला लिया लेकिन उग्र राष्ट्रवादी गतिविधियों के कारण उन्हें निकाल दिया गया। इसके बाद वे इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी चले गए। नेताजी ने आजादी की जंग में शामिल होने के लिए भारतीय सिविल सेवा की आरामदेह नौकरी ठुकरा दी। भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में उनकी रैंक 4 थी। किसी भी भारतीय के लिए सिविल सेवक का पद बेहद प्रतिष्ठित होता है।


## रेल यात्री कृपया ध्यान दें!

## महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि प्रयागराज संगम स्टेशन को अस्थायी तौर पर बंद रखने के निर्णय के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ी सेवाओं को उनके गंतव्य स्टेशन से पहले यात्रा समापन/यात्रा प्रारंभ करने का प्रबंध किया गया है। विस्तृत सूची निम्नानुसार है:-

**फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन | समय | | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 54102 कानपुर अनवरगंज-प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 08:40 | -- | 23.01.2026 24.01.2026 31.01.2026 01.02.2026 02.02.2026 14.02.2026 15.02.2026 16.02.2026 |
| 54214 जौनपुर जं.-प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 09:00 | -- | |
| 54254 लखनऊ-प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 12:05 | -- | |
| 64222 अयोध्या कैंट-प्रयागराज संगम एमईएमयू | फाफामऊ जं. | 22:00 | -- | |
| 54376 जौनपुर जं.-प्रयागराज संगम पैसेंजर | फाफामऊ जं. | 20:36 | -- | |
| 65117 गाजीपुर सिटी-प्रयागराज संगम एमईएमयू | फाफामऊ जं. | 09:20 | -- | |

**प्रयाग जं. पर रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन | समय | | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 14210 लखनऊ-प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 11:25 | -- | 23.01.2026 24.01.2026 31.01.2026 एवं 01, 02, 14, 15, 16.02.2026 |
| 14216 लखनऊ-प्रयागराज संगम गंगा गोमती एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 22:10 | -- | |
| 14102 कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 14:20 | -- | |
| 14234 मनकापुर जं.-प्रयागराज संगम सरयू एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 07:50 | -- | |
| 14232 बस्ती-प्रयागराज संगम मनवर संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 19:40 | -- | 23, 24, 31.01.26 एवं 02, 14, 16.02.26 |
| 14218 चंडीगढ़-प्रयागराज संगम ऊँचाहार एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 10:35 | -- | 23.01.26, 30.01.26 31.01.26, 01.02.26 13.02.2026, 14.02.26, 15.02.26 |
| 14242 सहारनपुर-प्रयागराज संगम नौचंदी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 08:50 | -- | |
| 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 02:40 | -- | |
| 14230 हावड़ा-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | 06:45 | -- | 23, 30.01.2026, एवं 13.02.2026 |

**प्रयाग जं. से रेलगाड़ियों का प्रारंभ**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन | समय | | आंशिक निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | |
| 54101 प्रयागराज संगम-कानपुर अनवरगंज पैसेंजर | प्रयाग जं. | -- | 16:06 | 23.01.2026 24.01.2026 31.01.2026 01.02.2026 02.02.2026 14.02.2026 15.02.2026 16.02.2026 |
| 54213 प्रयागराज संगम-जौनपुर जं. पैसेंजर | प्रयाग जं. | -- | 17:21 | |
| 54253 प्रयागराज संगम-लखनऊ पैसेंजर | प्रयाग जं. | -- | 16:56 | |
| 64221 प्रयागराज संगम-अयोध्या कैंट एमईएमयू | प्रयाग जं. | -- | 06:50 | |
| 54375 प्रयागराज संगम-जौनपुर जं. पैसेंजर | प्रयाग जं. | -- | 06:13 | |
| 65118 प्रयागराज संगम-गाजीपुर सिटी एमईएमयू | प्रयाग जं. | -- | 17:46 | |
| 14209 प्रयागराज संगम-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 15:36 | 23.01.26, 24.01.26 31.01.2026, 01.02.26, 02.02.26, 14.02.26, 15.02.26, 16.02.26 |
| 14215 प्रयागराज संगम-लखनऊ गंगा गोमती एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 05:56 | |
| 14101 प्रयागराज संगम-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 16:36 | |
| 14233 प्रयागराज संगम-मनकापुर जं. सरयू एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 19:06 | |
| 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती मनवर संगम एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 05:06 | 23, 24, 31.01.26 एवं 02, 14, 16.02.26 |
| 14217 प्रयागराज संगम-चंडीगढ़ ऊँचाहार एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 14:16 | 23, 24, 31.01.26 एवं 01, 02, 14, 15, 16.02.2026 |
| 14241 प्रयागराज संगम-सहारनपुर नौचंदी एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 18:05 | |
| 14307 प्रयागराज संगम-बरेली एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 01:36 | |
| 14229 प्रयागराज संगम-हावड़ा एक्सप्रेस | प्रयाग जं. | -- | 23:55 | 01 एवं 15.02.2026 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

You Tube पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

241/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आरडब्ल्यूए के प्रबुद्ध मतदाता तय करते हैं देश की राजनीतिक दिशा : डॉ. राजेश्वर सिंह

लखनऊ । सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वृहस्पतिवार को वृन्दावन योजना अंतर्गत इब्राहिमपुर द्वितीय एवं खरिका द्वितीय वार्ड के हाई-राइज अपार्टमेंट्स के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। एसकेडी अकेडमी ऑडिटोरियम में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान एसआईआर प्रक्रिया, नव मतदाता पंजीकरण, एवं मतदाता स्थानांतरण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### प्रबुद्ध मतदाओं पर राष्ट्र को दिशा देने की जिम्मेदारी

इस अवसर पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि, राष्ट्र को दिशा देने की जिम्मेदारी प्रबुद्ध मतदाताओं पर है। उन्होंने बताया जहाँ ग्रामीण मतदाता आज भी बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं को ध्यान में रखकर मतदान करते हैं, वहीं आरडब्लूए और हाई-राइज अपार्टमेंट्स के प्रबुद्ध मतदाता अपने मताधिकार से ग्रीन एनर्जी, एनवायरमेंट और विदेश नीति जैसे दूरगामी राष्ट्रीय व वैश्विक विषयों को प्रभावित करते हैं। वे मतदान करते समय ट्रेड वार, टैरिफ वार जैसे ग्लोबल विषयों से देश को पड़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते है। ऐसे में राष्ट्रीय हितों से भटकाने वाली, जाति और भाषा की राजनीति करने वाले राजनीति को सत्ता से दूर रखने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी आरडब्लूए क्षेत्रों के जागरूक मतदाताओं पर है। विधायक ने शहरी क्षेत्र में कम मतदान पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे, ये राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### मेधावियों का सम्मान-समाज को प्रेरणा देने वाली पहल

इस दौरान डॉ. सिंह ने 10 मेधावियों को लैपटॉप तथा 10 को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि मेधावी समाज के रोल मॉडल होते हैं। जब उन्हें सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाता है, तो उसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। इसी विचार को व्यवहार में उतारते हुए, उधथन्द परीक्षा में 100% से 90% अंक प्राप्त करने वाले सरोजनीनगर के 10 मेधावियों को लैपटॉप, तथा 90% से 80% अंक प्राप्त करने वाले 10 मेधावियों को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि ये मेधावी विद्यार्थी अपने ज्ञान, नवाचार और सोच से समाज में सकारात्मक बदलाव के अग्रदूत बनेंगे।

❐ डॉ. राजेश्वर सिंह ने मेधावियों में बांटे लैपटॉप और साइकिल

❐ राष्ट्र को तोड़ने वाली पार्टियों से लोकतंत्र की रक्षा आरडब्लूए मतदाताओं की जिम्मेदारी : डॉ. राजेश्वर सिंह

### स्वास्थ्य पर फोकस - फिट, एक्टिव और अलर्ट युवा पीढ़ी

इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक द्वारा 32 आरडब्लूएएस को स्पोर्ट्स किट प्रदान की गईं। स्वस्थ शरीर में ही सशक्त मस्तिष्क का विकास होता है, इसी सोच के साथ डॉ. राजेश्वर सिंह जी ने युवाओं को फिट, एक्टिव और अलर्ट बनाए रखने पर विशेष बल दिया जा रहा है। गौरतलब है कि, युवाओं के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ विधायक द्वारा सरोजनीनगर में अब तक 268 यूथ क्लब (उधभप + क्लद्धन्द्धप) का गठन कर कैरम, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट आदि स्पोर्ट्स की किट उपलब्ध कराइ जा चुकी हैं, जो क्षेत्र में स्वस्थ, अनुशासित और सशक्त पीढ़ी के निर्माण की मजबूत नींव रख रहे हैं।



### पुस्तकालय बौद्धिक विकास का महान मंच - 12 आरडब्लूए में लाइब्रेरी

ज्ञान ही किसी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है, इसी भावना के साथ विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर की हर टडइ को Library प्रदान कर संवाद, अध्ययन और आत्मविकास का केंद्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वृहस्पतिवार को डॉ. सिंह ने 12 टडइ में ज्ञान, विज्ञान, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रनिर्माण, और महापुरुषों की जीवनी से संबंधित प्रेरणादायक पुस्तकों से सुसज्जित लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इसी के साथ अब तक सरोजनीनगर के 54 टडइ'प में विधायक द्वारा पुस्तकालयों की स्थापना की जा चुकी है।

### आरडब्लूए को लेकर विधायक का विजन - शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और ग्रीन एनर्जी

इस दौरान विधायक ने बताया कि अब तक सरोजनीनगर में 95 ग्ध्द्धद्ध इद्ध- क्षभद्ध स्थापित कराए जा चुके हैं। विभिन्न परिषदीय विद्यालयों सहित 120 स्थानों पर झूले भी लगवाए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि ख्रक्ष के सहयोग से 38 नए ग्ध्द्धद्ध इद्ध- क्षभद्ध शीघ्र स्थापित किए जाएंगे तथा सभी टडइप में ओपन एयर जिम और झूलों की स्थापना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने आगे जोड़ा कि वर्तमान में लखनऊ जनपद में 19 कम्युनिटी सोलर पार्क स्थापित हैं, जिनमें से 9 सरोजनीनगर में, और उनमें से 8 टडइप में स्थित हैं। उन्होंने लक्ष्य दोहराया कि सरोजनीनगर की प्रत्येक टडइ में कम्युनिटी सोलर पार्क की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है, इसी उद्देश्य से वित्त मंत्री जी को पत्र लिखकर 90% सब्सिडी का अनुरोध भी किया गया है।

### सरोजनीनगर के विकास कार्यों की विवरणिका

इस दौरान उपस्थित क्षेत्रवासियों को सरोजनीनगर में सरकार द्वारा तथा एट्ट फण्ड के माध्यम से संचालित कार्यों की विवरणिका भी बांटी गयी। जिसमें सरोजनीनगर में 7000 करोड़ रुपये की अब तक की सबसे बड़ी अनंत नगर आवासीय परियोजना, 1287 करोड़ की लागत से भव्य कन्वेशन सेंटर, 1000 करोड़ रुपये का अशोक लीलैंड क्ठु प्लांट, 1500 एकड़ में आकार लेती इद्रन्ध एद्बष्भ और ट्टएट परिकल्पना का बीजारोपण, डिफ़ेन्स कॉरिडोर की स्थापना के साथ, सरोजनीनगर में उन्थद्धख्रधप मिसाइल निर्माण का कार्य। पिछले तीन वर्षों में 41 विभागों से 32,000 करोड़ रुपये की 4118 विकास परियोजनाओं की स्वीकृति, अंग्रेजी एवं फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी कैंपस, गएक्षए, नौसेना शौर्य संग्रहालय, लखनऊ विश्वविद्यालय का कृषि संकाय, भारतेंदु नाट्य अकादमी कैंपस की स्वीकृति आदि उल्लेखनीय हैं।

इस अवसर पर एसकेडी संस्था के डायरेक्टर मनीष सिंह, शिव प्रकाश मिश्रा, प्रणव अग्निहोत्री, रमेश सिंह चौहान, विनोद मौर्या, संजीव अवस्थी, शंकरी सिंह, सांवलिया सिंह, शैलेन्द्र सिंह, विशाल सक्सेना, आमोद कुमार, महेंद्र सिंह, ब्रजेश शुक्ला, सुधा सिंह अखिलेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, एस. के. सिंह, मनोज रावत, रंजना मिश्रा, सुमन सिंह, के. एन. सिंह, रमा शंकर त्रिपाठी एवं अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# अधिवक्ता सशक्त नेतृत्व का चयन करें :ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव अतुल ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के तीसरे चरण में लखनऊ जिले के अधिवक्ताओं को अपना प्रतिनिधित्व चुनने के लिए आगामी 27 वा 28 जनवरी को मतदान करना है,प्रदेश की राजधानी लखनऊ होने के कारण यहां के अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी ज्यादा है कि ऐसा प्रतिनिधित्व चुनकर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश में भेजें जो अधिवक्ताओं की आवाज को बिना डरे दबे प्रमुखता से सरकार के समक्ष रखे संघर्ष के समय सड़कों पर दिखाई दे।

वर्तमान चुनाव में पूर्व सदस्यों के साथ कई ऐसे ऊर्जावान साथी चुनाव लड़ रहे है जिन्होंने समय समय पर अधिवक्ताओं के संघर्ष में अपना सर्वस्व अर्पण किया है,उन्होंने कहा कि वे खुद भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ लखनऊ जिले के संयोजक है,लेकिन अधिवक्ताओं के संघर्ष के समय दलगत राजनीति के ऊपर उढ़कर अधिवक्ता हितों की आवाज बुलंद की और संघर्ष किया इसलिए जो प्रत्याशी सरकार के समक्ष अधिवक्ताओं की मांगे समस्याएं उनकी पीड़ा सरकार के समक्ष मजबूती से रख सके और उनका यथोचित निवारण करा सकें हमें ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है हमारा काला कोट सिर्फ एक पोशाक नहीं,यह जिम्मेदारी और न्याय की शपथ है।जब हमारी आवाजें मिलकर गूंजती हैं,तो अन्याय की दीवारें हिल जाती हैं।अधिवक्ता एकता ही हमारी असली ताकत है।अधिवक्ता एकता जिंदाबाद केवल एक नारा नहीं है,बल्कि यह न्याय प्रणाली के सबसे मजबूत स्तंभ वकीलों की एकजुटता और साहस का प्रतीक है।इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमें एक सशक्त बार काउंसिल की आवश्यकता है हमारा अधिवक्ता बिना डरे दबे न्याय की सुरक्षा के लिए वकालत कर सके उसको विधि व्यवसाय के लिए बैठने के लिए सुरक्षित परिसर,पीने के लिए स्वच्छ पेयजल साफ एवं स्वच्छ शौचालय,एवं सुरक्षित वातावरण की अत्यंत आवश्यकता है,प्रदेश का कोई भी अधिवक्ता खुली टीन शेड,छप्पर में न बैठे हमें इसकी भी चिंता करनी चाहिए जब-जब न्याय पर संकट आता है,अधिवक्ता अपनी एकता से सत्य का मार्ग प्रशस्त करता है लेकिन जब अधिवक्ता पर संकट आता है तब सभी मौन हो जाते है,इसलिए अधिवक्ताओं के संरक्षण के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद में अधिवक्ताओं के लिए एक सीट सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है,जो अधिवक्ताओं की समस्याओं को सदन के पटल पर रख सके।

# नगर निगम का सिंगल यूज प्लास्टिक व गंदगी के खिलाफ सख्त अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। इस क्रम में गुरुवार दिनांक 22 जनवरी 2026 को जोनल सेनेटरी अधिकारी के आदेशानुसार जोन-3 और जोन-08 में विशेष प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

जोन-03 के अंतर्गत मुख्य मार्ग केन्द्रीय भवन से पुरनिया चौराहा, गौशाला रोड तथा जानकीपुरम थाना रोड तक जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव के निर्देश पर पॉलीथीन रोकथाम एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कुल 15 चालान काटे गए, जिनसे 9,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथीन पाए जाने पर 19 चालान के माध्यम से 26,900 रुपये की वसूली की गई। इस प्रकार कुल 34 चालानों के जरिए 35,900 रुपये नगर निगम कोष में जमा कराए गए। अभियान के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार गौतम, पुष्कर सिंह पटेल, सुमित मिश्रा, अंकाक्षा गोस्वामी, प्रवर्तन दल के 296 कार्मिक तथा क्षेत्रीय सुपरवाइजर की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

इसी तरह से जोन-08 के अंतर्गत गंदगी एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रयोग, परिवहन, भंडारण और विक्रय के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बंगला बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुल 9 चालान किए गए, जिनके माध्यम से 12,900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसमें गंदगी फैलाने पर 5,900 रुपये तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, विक्रय व भंडारण पर 7,000 रुपये का अर्थदंड शामिल है। निरीक्षण के दौरान लगभग 20 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 1 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त की गई।

## भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में रानू प्रधान का जलवा



**निगोहा, लखनऊ।** क्षेत्र के दखिना टोल प्लाजा के समीप आयोजित भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को खेला गया तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। टूर्नामेंट के आयोजक अनमोल तिवारी ने बताया कि यह मुकाबला राहुल इलैवन और रानू प्रधान की टीम के बीच खेला गया, जिसमें रानू प्रधान की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रानू प्रधान की टीम ने निर्धारित ओवरों में 213 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राहुल इलैवन की टीम ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन पूरी टीम 197 रन ही बना सकी। इस तरह रानू प्रधान की टीम ने 17 रनों से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी एवं जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने बल्लेबाजी कर किया। मुकाबले के दौरान पुरहिया प्रधान प्रभाकर त्रिवेदी समेत बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे, जिनमें खासा उत्साह देखने को मिला। इसी दौरान ग्राउंड पर निगोहा प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया, जिससे आयोजन का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।

## यूपी के सभी 75 जिलों में ब्लैकआउट मॉकड्रिल आज

❐ शाम 6 बजे दो मिनट के लिए बंद रहेगी बिजली, बजेंगे हवाई हमले की चेतावनी सायरन

**लखनऊ, कैनबीज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से शुक्रवार 23 जनवरी की शाम प्रदेश के सभी 75 जिलों में ब्लैकआउट मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान शाम ठीक 6 बजे से दो मिनट के लिए एक साथ पूरे प्रदेश में बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाएगी और हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए जाएंगे।मॉकड्रिल के माध्यम से यह आकलन किया जाएगा कि किसी संभावित दुश्मन देश के हवाई हमले या आपात स्थिति में प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियां और आमजन कितनी तत्परता से प्रतिक्रिया देते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह केवल अभ्यास है, इसलिए आम लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है।प्रदेश के प्रमुख सचिव द्वारा इस मॉकड्रिल को सफल बनाने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक, राहत आयुक्त सहित सभी संबंधित विभागों और जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।प्रशासन ने जनता से अपील की है कि मॉकड्रिल के दौरान अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन का सहयोग करें।

## वरिष्ठ पत्रकार ने किया टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोसाईगंज में खुरपका मुंहपका रोग नियंत्रण के तहत टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है । कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी राजीव दीक्षित द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर टीकाकरण वैन को रवाना किया।डॉ सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि खुरपका मुंहपका पशुओं में होने वाली गंभीर बीमारियां हैं। इनसे निजात दिलाने के लिए टीकाकरण प्रारंभ हो रहा है। यह कार्यक्रम 45 दिन तक चलेगा। गोसाईगंज ब्लॉक में लगभग 16000 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील सिंह के साथ पशुधन प्रसार अधिकारी पुष्पेंद्र यादव व शिव नारायण यादव, फार्मासिस्ट सूर्यवीर सिंह तोमर, पंचायत सचिव रामगोपाल यादव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व पशुपालक उपस्थित रहे।

## महापौर सुषमा खर्कवाल की सख्ती: जलकल विभाग की समीक्षा बैठक में दिए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

लखनऊ। शहर में पेयजल और सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से गुरुवार को ऐशबाग स्थित जलकल विभाग के मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की। इस अवसर पर पार्षद अजय दीक्षित , जीएम जलकल कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता, जूनियर इंजीनियर (जेई) सहित जलकल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक में महापौर ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि शहर में पेयजल और सीवर से जुड़ी शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए उनका जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नगर निगम का अतिक्रमण को लेकर चला सघन अभियान, भारी मात्रा में सामान जब्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । लखनऊ नगर निगम ने शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोध की समस्या को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को एक व्यापक, बहुस्तरीय एवं सघन प्रवर्तन अभियान चलाया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के स्पष्ट निर्देशों पर की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों, फुटपाथों और बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध यातायात सुविधा प्रदान करना है।अभियान के तहत नगर निगम के विभिन्न जोनों में एक साथ समन्वित कार्रवाई की गई, जिसमें प्रवर्तन विभाग की 296 टीमों, जोनल अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की संयुक्त भागीदारी रही।

जोन-1 क्षेत्र में जोनल अधिकारी ओ.पी. सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग 296 की टीम द्वारा विधान सभा से चारबाग तक तथा नरही सब्जी मंडी से यूटेक चौराहा होते हुए श्रीराम टावर तक व्यापक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानों व अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया तथा लगभग आधा ट्रक सामान जब्त किया गया। इससे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। जोन-3 क्षेत्र में जोनल अधिकारी आकाश कुमार के निर्देश पर 296 टीम के सहयोग से आंचलिक विज्ञान केंद्र से पुरनिया चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 15 अवैध दुकानें एवं एक पान की गुमटी हटाई गई। कार्रवाई में 11 टेडीवियर, 4 कंबल, 1 छतदार ठेला, 9 मोड़े, 1 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 4 तराजू, 10 रजाई के खोल, 5 गुलदस्ते एवं 8 गमला स्टैंड जब्त किए गए। संपूर्ण कार्रवाई की स्थल फोटोग्राफी कर दस्तावेजीकरण भी किया गया। जोन-6 क्षेत्र में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में बालागंज वार्ड स्थित प्रेरणा स्थल पार्क के आसपास अवैध रूप से किए गए अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया।

# रात की गश्त ने बचाई जान, नगराम पुलिस के साहसिक रेस्क्यू से कुएं में गिरे बाइक सवार को मिला जीवनदान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नगराम, लखनऊ । थाना नगराम पुलिस की सतर्कता, तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता से एक बड़ा हादसा टल गया। देर रात गश्त के दौरान कुएं में गिरे मोटरसाइकिल सवार युवक को पुलिस कर्मियों ने साहसिक रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

सड़क किनारे लावारिस हालत में खड़ी बाइक देख पुलिस सतर्क हुई। इसी दौरान कुएं से आवाज आने पर थाना नगराम में तैनात कांस्टेबल पवन यादव व सुरजीत वर्मा ने बिना समय गंवाए बचाव कार्य शुरू किया। संसाधनों के अभाव में भी लोई व मफलर को आपस में जोड़कर कड़ी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया।युवक की पहचान रितेश जायसवाल (25 वर्ष), निवासी अर्जुनगंज, लखनऊ के रूप में हुई। रितेश के अनुसार वह रायबरेली जनपद के भवानीगढ़ जा रहा था। नगरामऽखुजौली मार्ग पर हसवा पुल के पास गूगल मैप के सहारे चलते समय अचानक मोड़ आने से संतुलन बिगड़ गया और बाइक कुएं की दीवार से टकराकर सीधे कुएं में जा गिरी। रेस्क्यू के बाद युवक को प्राथमिक उपचार दिया गया, उसकी हालत पूरी तरह ठीक है। नगराम पुलिस की इस साहसिक और सराहनीय कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की है।



# धूमधाम से मना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव

**कैनविज टाइम्स सवाददाता**



लखनऊ । चिनहट क्षेत्र में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी कला, संगीत और नृत्य प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिनहट प्रथम वार्ड के पार्षद अरुण कुमार राय ने अपने संबोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ''शिक्षा ही नारी सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है।

गांधीजी के अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों को अपनाकर युवा पीढ़ी देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। उन्होंने कॉलेज की प्रगति पर संतोष जताते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कविता पाठ और नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिभावकों और स्थानीय निवासियों की भारी भीड़ ने उत्सव को यादगार बनाया। कॉलेज प्रबंधन ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह आयोजन न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता का भी संदेश दिया।

प्रधानाचार्य वैशाली सिंह कुमार ने स्वागत भाषण में कॉलेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख अध्यापकगण भी मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल पांडेय, पूर्व पार्षद स्नेहलता राय, गुलाब जायसवाल, सुनील सिंह, सरला गुप्ता, सुमन चौहान, प्रिया सरोज, निरुपमा सिंह, ऋतु शुक्ला, ममता वर्मा, सुष्मिता सिंह, निकेश तिवारी और अंकिता मुखर्जी शामिल थे। इन शिक्षकों ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### नगर आयुक्त ने किया सीएम ग्रिड फ़ेस-2 परियोजना का निरीक्षण, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित सीएम ग्रिड फ़ेस-2 परियोजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का गुरुवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विभूति खंड थाना के निकट निर्माणाधीन सीएम ग्रिड फ़ेस-2 परियोजना स्थल पर किया गया, जहां आधुनिक शहरी अधोसंरचना के विकास हेतु बहुआयामी कार्य प्रगति पर हैं। परियोजना के तहत लगभग 3 किलोमीटर लंबा स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज सिस्टम, सीवर लाइन, इलेक्ट्रिकल डक्ट, वाटर सप्लाई लाइन तथा सुव्यवस्थित फुटपाथ का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने नगर आयुक्त को जानकारी दी कि परियोजना के शुरुआती चरण में 300 मीटर लंबा एक सैंपल स्ट्रेच सफलतापूर्वक तैयार किया जा चुका है, जिसमें स्ट्रॉम वाटर लाइन, सीवर लाइन, इलेक्ट्रिकल डक्ट और वाटर लाइन की स्थापना पूरी कर ली गई है।

# रामनगरी अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर नगराम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

❐ भंडारे-कीर्तन व भव्य झांकियों से सजा क्षेत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नगराम, लखनऊ । अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर नगराम समेत विभिन्न गांवों में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। जगह-जगह भंडारे, कीर्तन-भजन एवं आकर्षक झांकियों के माध्यम से रामभक्ति का भव्य उत्सव मनाया गया।क्षेत्र के गढ़ा गांव में आयोजित भंडारे के मुख्य आयोजक शिवकुमार शाहू रहे।



कार्यक्रम में निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन में सहयोग प्रदान किया। वहीं शाह मोहम्मदपुर अपैया गांव में काली दीन विश्वकर्मा, सल्लू विश्वकर्मा, राजू वर्मा एवं संगम के संयुक्त सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान नगराम के झांकी कलाकार विनोद, राधा, कृष्णा, सौरभ एवं शनि की पांच सदस्यीय टीम ने मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। क्षेत्र के भावी जिला पंचायत सदस्य विकास पटेल ने कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया तथा झांकी कलाकारों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे नगराम क्षेत्र में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे और श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

# यूजीसी एक्ट वापस लेने की मांग राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन

❒ सोशल मीडिया से सड़क तक विरोध तेज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सीतापुर। यूजीसी एक्ट को लेकर देशभर में विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया से शुरू हुआ यह विरोध अब सड़कों तक पहुंच चुका है। इसी क्रम में संवर्ण स्वाभिमान संगठन के संस्थापक अध्यक्ष प्रभाकर सिंह चौहान द्वारा महामहिम राष्ट्रपति , भारत सरकार, नई दिल्ली को एक ज्ञापन भेजकर यूजीसी एक्ट को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया यूजीसी एक्ट सामान्य वर्ग के बच्चों के लिए भेदभावपूर्ण और अहितकारी है, जिससे उनके शैक्षिक और रोजगार के अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संगठन का आरोप है कि यह कानून प्रतिभा के बजाय वर्ग के आधार पर अवसर तय करता है, जो संविधान में प्रदत्त समानता के अधिकार के विपरीत है।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस तरह के कानून से समाज में विभाजन और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जो देश की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के लिए घातक साबित हो सकती है। संगठन ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में इसका व्यापक सामाजिक प्रभाव देखने को मिलेगा। संस्थापक अध्यक्ष ने राष्ट्रपति महोदया से अपील की है कि वे देश और समाज के हित में इस कानून पर पुनर्विचार कराते हुए इसे वापस लेने के निर्देश दें, ताकि सभी वर्गों के बच्चों को समान अवसर मिल सके और सामाजिक सौहार्द बना रहे। साथ ही उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि राष्ट्रपति महोदया सामान्य वर्ग के बच्चों के भविष्य की रक्षा के लिए न्यायपूर्ण और संतुलित निर्णय लेंगी। यूजीसी एक्ट के विरोध में विभिन्न संगठनों और छात्र समूहों द्वारा लगातार ऑनलाइन अभियान, ज्ञापन और प्रदर्शन किए जा रहे हैं, जिससे यह मुद्दा अब राष्ट्रीय बहस का विषय बनता जा रहा है। इस मौके पर रुद्र प्रताप सिंह ,अनुज सिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह, विजय बहादुर सिंह, प्रेमपाल सिंह ,रिंकू सिंह, अमित तिवारी, अर्पित सिंह आर पी सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सिधौली में 'रिकवरी राज'! इलाज को जा रहे युवक को सड़क पर रोका, थप्पड़ मारे, गाड़ी छीनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ फाइनेंस कंपनी के नाम पर अवैध वसूली, पीड़ित ने IGRS में की शिकायत

सिधौली, सीतापुर। तहसील सिधौली क्षेत्र में फाइनेंस कंपनी के नाम पर चल रहे अवैध रिकवरी खेल का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सड़क पर गाड़ी रोककर मारपीट, डर दिखाकर पैसे वसूलना और वाहन छीन लेना – यह सब किसी फिल्मी सीन जैसा नहीं, बल्कि हकीकत है, जिसकी शिकायत अब ऋक्टट्ट पोर्टल पर दर्ज कराई गई है।

पीड़ित सौरभ सिंह पुत्र राम बहादुर सिंह, निवासी मड़ियांव लखनऊ के अनुसार, वह 21 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 11 बजे लखनऊ से सीतापुर स्थित नेत्र चिकित्सालय इलाज के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी सिधौली बस स्टॉप के सामने बने पुल के पास पहुँची, तभी कुछ अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ी को सड़क पर जबरन रोक लिया। आरोप है कि इन लोगों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का रिकवरी एजेंट बताते हुए किस्त के नाम पर पैसे मांगे। जब युवक ने पहचान और अधिकार पूछा तो बात बिगड़ गई। युवक के साथ गाली-गलौज, थप्पड़ मारने और वाहन जबरन छीनने की घटना को अंजाम दिया गया। इसके बाद डर का माहौल बनाकर ?2000 की जबरन वसूली कर ली गई, जबकि वाहन की किस्त पहले ही अलग से जमा कराई गई थी। पीड़ित का यह भी कहना है कि उक्त लोग सिधौली बस स्टॉप के पास पुल के नीचे एक अवैध कार्यालय संचालित करते हैं, जहाँ से खुलेआम इस तरह की रिकवरी, धमकी और मारपीट का काम किया जाता है। सबसे गंभीर बात यह है कि कानून किसी भी फाइनेंस कंपनी या उसके एजेंट को सड़क पर वाहन रोकने, मारपीट करने, चाबी या गाड़ी छीनने अथवा जबरन धन वसूलने की इजाजत नहीं देता, फिर भी यह सब खुलेआम हो रहा है। पीड़ित युवक ने पुलिस अधीक्षक, सीतापुर से मांग की है कि अवैध रिकवरी करने वालों की पहचान की जाए पुल के नीचे चल रहे कथित कार्यालय की जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए फिलहाल मामला ऋक्टट्ट पोर्टल पर दर्ज है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस 'रिकवरी राज' पर कब लगाम कसता है या फिर आम आदमी यूँ ही सड़क पर लुटता रहेगा।

## जिलाधिकारी ने सड़कों की गुणवत्ता सहित शीघ्र पूर्णता के दिए निर्देश

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियानवित की जा रही पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाते समय तोड़ी गई सड़कों की पुर्नस्थापना को गुणवत्तापूर्ण करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये एवं कार्यों को पूर्ण करते हुए संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित करते हुए योजनाओं को जनोपयोगी बनाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम अरविन्द त्रिपाठी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. कमलेश गौतम की पुस्तक का हुआ विमोचन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। एसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. आरके आजाद ने वाणिज्य विभाग के प्रो. (डॉ.) कमलेश गौतम एवं अपर्णा त्रिपाठी द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में देश के 44 विद्वानों के लेख एवं शोध-पत्र सम्मिलित किए गए हैं। 343 पृष्ठों की इस पुस्तक की भूमिका केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के मानविकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील कुमार द्वारा लिखी गई है।

पुस्तक में तनाव प्रबंधन में शिक्षकों की भूमिका, आधुनिक एवं परंपरागत व्यापार मॉडल्स के माध्यम से तनाव प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता का योगदान, शैक्षिक तनाव, रोजगार क्षेत्र का तनाव, कार्य-जीवन तनाव, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन का मनोविज्ञान, उपभोक्ताओं के मनोवैज्ञानिक व्यवहार, कार्य-जीवन संतुलन तथा नेतृत्व में तनाव प्रबंधन जैसे ज्वलंत विषयों पर आलेख सम्मिलित किए गए हैं। पुस्तक का परिचय देते हुए डॉ. कमलेश गौतम ने कहा कि आज का युग भौतिक उपलब्धियों का युग है। जहां सुविधा, प्रतिस्पर्धा और उपभोग जीवन के केंद्र में आ गए हैं। इस अंधी दौड़ में मनुष्य ने बाहरी प्रगति तो की है, किंतु मानसिक संतुलन और आंतरिक शांति निरंतर क्षीण होती जा रही है। यह पुस्तक इसी विडंबना को रेखांकित करती है। यह पुस्तक समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन की दिशा में एक सार्थक पहल बनेगी। इस दौरान वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अनुराग अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. विजय तिवारी आदि मौजूद रहे। वहीं, महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने डॉ. कमलेश गौतम को उनकी इस उपलब्धि के लिए आशीर्वाद दिया और प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एके मिश्रा ने भी शुभकामनाएं देते हुए उनकी साहित्यिक यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

## कोटेदार के घर में घुसकर मारपीट, छह गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना तिलहर क्षेत्र के गांव धनेला में सरकारी राशन को लेकर हुए विवाद में घर में घुसकर कोटेदार, उसके भाई और भतीजे को लाठी-डंडों से पीटा गया और बांका से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।बीती 18 जनवरी को थाना तिलहर क्षेत्र के गांव धनेला निवासी हरिश्चन्द्र शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव का रेहान सरकारी राशन की दुकान गल्ला लेने आया था। उस समय राशन तौलने वाली मशीन में नेटवर्क नहीं आ रहा था, इसलिए उसने रेहान से कहा कि बाद में लेने आना और बाजरा भी लेना है। इस बात पर रेहान उसे गालियां देने लगा और चला गया। कुछ देर बाद रेहान आया, रेहान के साथ साकिर, राशिद, नासिर, फिरोज, रूदान, आबिद, फैजल सहित 10-12 लोग थे। सभी के हाथ में लाठी-डंडे और बांका थे। सभी लोग उसके घर में घुस आए और उस पर व उसके भाई-भतीजे पर हमला कर दिया। बांका और लाठी-डंडे से वो और उसका भाई-भतीजा गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की।

# दहेज हत्यारोपी पति गिरफ्तार,भेजा जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने दहेज हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बुधवार को पुवायां थाना क्षेत्र के गांव टकेली निवासी सुमित कुमार की पत्नी सपना देवी का शव घर में पड़ा मिला था। पति सुमित ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी सपना ने फंदे पर लटककर जान दे दी।

वहीं, सूचना पर पहुंचे सपना के पिता पीलीभीत के थाना माधोटांडा के गांव सुंदरपुर फुलेहर निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दामाद और उसके परिजन बुलेट बाइक और सोने की चेन की मांग को लेकर पुत्री सपना का उत्पीड़न कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर दामाद सुमित, सुमित के चाचा मुनेश कुमार, मां चंपा देवी, चचेरा भाई कुलदीप, चचेरी बहन राखी ने मिलकर सपना की हत्या कर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हत्यारोपी पति सुमित को मोहम्मदी रोड पर बने फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया। फिलहाल, थाना पुवायां पुलिस ने अभियुक्त सुमित को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक कपिल देव के साथ कां. पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## अफीम के साथ लखीमपुर के दो तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना खुटार पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान लखीमपुर खीरी के बाइक सवार दो मादक पदार्थ तस्करों को अलग- अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने 729 ग्राम फाइन क्वालिटी अफीम और दो मोटरसाइकिलें बरामद की। बरामद अफीम की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो लात्रा 25 हजार रूपए बताई जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त जनपद लखीमपुर खीरी के थाना फरधान क्षेत्र के गांव कौरैया मुफरत निवासी नितिन पुत्र परिमाल और थाना मैलानी क्षेत्र के गांव जिझारपुर निवासी श्रीचन्द पुत्र सुरेन्द्र कुमार हैं। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त नितिन को गोला जाने वाली जुड़ी सडक से और अभियुक्त श्रीचन्द्र को लंगोटी बाबा मंदिर लालपुर खुटार-मैलानी रोड से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

# लखीमपुर नगर पालिका पर अमानवीय रवैये का आरोप, दिव्यांग परिवार बेहाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर नगर पालिका परिषद से जुड़ा एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां एक दिव्यांग ठेका कर्मचारी ने वेतन न मिलने और बिना किसी स्पष्ट कारण के नौकरी से हटाए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी से न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित प्रवीण कुमार शुक्ला, पुत्र सरजू प्रसाद शुक्ला, निवासी ग्राम कुशमौरी, अलीगंज, जनपद खीरी हैं। प्रार्थी शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और किराये के मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे वर्ष 2012 से नगर पालिका परिषद लखीमपुर में ठेका कर्मचारी के रूप में कार्यरत रहे हैं।प्रवीण कुमार शुक्ला के अनुसार, उन्हें 5 जुलाई 2025 को किसी कारणवश कार्य से हटा दिया गया था। बाद में माफी मांगने पर 01 अक्टूबर 2025 को पुनः कार्य पर रखा गया। इसके बाद उन्होंने पूरी निष्ठा और मेहनत से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2025 का वेतन नहीं दिया गया।पीड़ित का आरोप है कि वेतन भुगतान को लेकर जब वे नगर पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी से मिलने पहुंचे, जहां उनके साथ संजय कुमार एवं जलकल विभाग के जेई जितेंद्र कुमार वर्मा भी मौजूद थे, तो अधिशासी अधिकारी ने वेतन देने से असमर्थता जताई। इसके बाद वेतन की मांग करने पर, बिना किसी गलती के, उन्हें 13 जनवरी 2026 को एक बार फिर नौकरी से हटा दिया गया।प्रवीण कुमार शुक्ला ने अपने प्रार्थना-पत्र में बताया है कि वे स्वयं दिव्यांग हैं और उनकी पत्नी भी दिव्यांग हैं। उनके एक पुत्र हैं। नौकरी छूटने और वेतन न मिलने के कारण परिवार भीषण आर्थिक तंगी और भुखमरी जैसी स्थिति से जूझ रहा है। उन्होंने यह भी कहा है कि दिव्यांग होने के कारण वे कोई अन्य कार्य करने में असमर्थ हैं। पीड़ित ने जिलाधिकारी से अपील की है कि उन्हें पुनः नगर पालिका में ठेका कर्मचारी के रूप में कार्य पर रखा जाए और तीन माह का बकाया वेतन दिलाया जाए, ताकि उनका परिवार इस गंभीर संकट से उबर सके।यह मामला सामने आने के बाद नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली और दिव्यांग कर्मचारियों के प्रति रवैये पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मानवीय और संवेदनशील मामले में पीड़ित को कब तक न्याय दिला पाता है।

# निर्माणाधीन ओवरब्रिज बना हादसे की वजह, एक की मौत, दो गंभीर घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनपद में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गोला रोड स्थित फरधान कस्बे में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास गोला की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, वरना कार (संख्या ठध्32 टक्ष 3619) लखनऊ से टनकपुर, उत्तराखंड की ओर जा रही थी। आज सुबह करीब 4 बजे फरधान ओवरब्रिज के पास पहुंचते ही कार डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे में राहुल अग्रवाल (30 वर्ष) पुत्र अंशराज अग्रवाल, निवासी इंद्रानगर, लखनऊ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार सोनू (30 वर्ष) पुत्र राजेन्द्र, निवासी बाराबंकी और आसिफ (25 वर्ष) पुत्र फारुक अली, निवासी गोमती नगर, लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि फरधान में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम नहीं हैं। पर्याप्त संकेतक, रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड न होने के कारण अक्सर वाहन चालक भ्रमित हो जाते हैं। इससे पहले भी यहां दुर्घटनाओं की आशंका जताई जा चुकी है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं इस हादसे के बाद एक बार फिर निर्माणाधीन ओवरब्रिज और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई, 5 हजार की घूस लेते कानूनगो गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के मोहम्मदी तहसील क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कानूनगो को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कानूनगो की पहचान मोहम्मदी निवासी भूपेन्द्र सिंह के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार मोहम्मदी क्षेत्र के निवासी घनश्याम पाठक को अपने खेत की मेढ़बंदी करानी थी। इसी सिलसिले में उन्होंने संबंधित कानूनगो भूपेन्द्र सिंह से संपर्क किया। आरोप है कि कानूनगो ने मेढ़बंदी की प्रक्रिया पूरी करने के बदले पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की।रिश्वत मांगने से आहत किसान घनश्याम पाठक ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन विभाग से कर दी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने पूरी योजना के तहत कार्रवाई की। 22 जनवरी को जैसे ही कानूनगो ने किसान से पांच हजार रुपये की घूस ली, टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया।कार्रवाई के बाद टीम ने आरोपी कानूनगो को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया है। वहीं एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई को आम लोगों ने सराहा है और इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश बताया है।

## संविलियन विद्यालय धर्माखेड़ा में हुआ टेबल वितरण कार्यक्रम




**मैगलगंज खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड पसगवां के संकुल स्थित संविलियन विद्यालय धर्माखेड़ा में बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टेबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं को बैठने व पढ़ाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए टेबल वितरित की गईं।इस अवसर पर नामित अधिकारी नायब तहसीलदार मोहम्मदी सर्वेश कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए बालिकाओं से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में एआरपी सहादत खान, नोडल शिक्षक श्रवण कुमार गुप्ता, प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार मिश्रा सहित मित्र कुमार अवस्थी, शिव कुमार गुप्ता, नवनीत मिश्रा, पवन कुमार मौजूद रहे। शिक्षकों ने बताया कि टेबल मिलने से छात्राओं को कक्षा में बैठकर अध्ययन करने में सुविधा होगी और उनकी पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक तथा छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे बालिका शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

## कार सवार प्रधान प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला,हमले में कार क्षतिग्रस्त



**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कार से जा रहे प्रधान प्रतिनिधि पर घात लगाए बैठे दबंगों ने तलवार से जानलेवा हमला बोल दिया।कार में सवार होने से प्रधान प्रतिनिधि की जान तो बच गई लेकिन हमले में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।पीड़ित ने चार नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।हरगांव थाना क्षेत्र के हैदरपुर प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह गुरुवार सुबह करीब दस बजे निजी कार से भनवापुर ग्राम पंचायत का कार्य देखने जा रहे थे।कटका से भनवापुर मार्ग पर पहले से घात लगाए बैठे सुखदीप सिंह उर्फ मुन्ना निवासी बनिहार झाला कमलेश उर्फ पिंकू निवासी भनवापुर महेंद्र निवासी शुजालापुर पिंटू व एक अज्ञात ने कार को रोककर तलवार से हमला कर दिया।हमले से कार के शीशे तोडकर जान से की नियत से झपट पड़े।पीड़ित की कार खेत में पहुंच गई और पीड़ित कार छोड़कर भाग खड़ा हुआ।लोगों के पहुंचने पर दबंग मौके से भाग निकले।घटना क्रम की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी।पीड़ित ने सभी हमलावरों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई है।प्रधान प्रतिनिधि के आरोप है कि दबंगों द्वारा रंगदारी मांगी जा रही थी मना करने पर जान से मारने की नियत से कार के शीशे तोड़कर हमला किया गया।हमले में किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकला था।दिनदहाड़े हुए इस हमले को लेकर दबंगों ने प्रशाशन को खुली चुनौती दी है।थाना प्रभारी बलवंत सिंह शाही ने बताया स्कूल में मिट्टी पटाई को लेकर प्रधान से विवाद हुआ था जिसमें कार क्षतिग्रस्त हुई है।तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# एसआईआर के तहत हुई नोटिस सुनवाई की कार्रवाई, डीएम ने किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जनपद की छह विधान सभाओं में बीएलओ द्वारा नो मैपिंग कैटेगरी में चिंहित किए गए मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं। जिसके तहत विधानसभाओं में चिंहित स्थलों पर नोटिस सुनवाई की कार्रवाई की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र के साथ विकासखंड भावलखेड़ा परिसर में नोटिस सुनवाई स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त संबंधित मतदाताओं से अपील की है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ नोटिस पर अंकित सुनवाई स्थल पर अवश्य उपस्थित हों। वहीं, निरीक्षण दौरान डीम को भावलखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार मिश्रा अनुपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ब्लॉक परिसर में नवनिर्मित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय को प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतिभाशाली बालिकाओं को मिली विद्या दायिनी पोटली किट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से मिशन शक्ति एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की एक अनूठी और सराहनीय पहल सामने आई है।

इस पहल के तहत जिले की 9,000 छात्राओं को 'विद्या दायिनी पोटली' वितरित की जायेगी । जिसमें व्हाइट बोर्ड स्टडी टेबल, डस्टर और मार्कर शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना है । इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के आदेशानुसार विकास खण्ड मितौली में बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव के नेतृत्व में व ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रतहरी में किया गया। कार्यक्रम के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी भगवान राव ने छात्राओं को सामग्री वितरित करते हुए कहा ﱅअब हर घर बनेगी पाठशाला, और हर बेटी बनेगी सशक्त।ﱆयह पहल बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम के पहले चरण में न्याय पंचायत मितौली व न्याय पंचायत बबौना के समस्त कंपोजिट विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय से चयनित प्रति विद्यालय से 06 मेधावी बालिकाओं को विद्या दायिनी पोटली किट वितरित की गई द्य विकास खण्ड मितौली से इस पहल के अंतर्गत 93 विद्यालयों से 558 व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 100 मेधावी बालिकाओं को लाभान्वित किया जायेगा द्य कार्यक्रम में ब्लॉक नोडल बालिका शिक्षा सलीम अहमद , ए आर पी अनिल कुमार गौड़ , पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रतहरी के प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र प्रताप सिंह , सुधीर वर्मा, परमानन्द यादव ,पल्लवी मिश्रा, जगदीश प्रसाद, सतीश कुमार, मुनेश कुमार आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं व मेधावी बालिकाओं की उपस्थित रहीं द्य

# नो पार्किंग में खड़े वाहन,नो वेडिंग जोन में ठेले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । जिले जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं।देखकर भी अनजान बने हुए हैं।इससे अंतिक्र मण हटाने का अभियान और नो पार्किंग तथा नो वेंडिंग जोन का लगा बोर्ड निरर्थक साबित हो रहा है।शहर को खूबसूरत बनाने और जाम से मुक्त रखने के लिए नगर पालिका परिषद के साथ जिला प्रशासन की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं।फिर भी शहर में न जाम से और न अतिक्रमण से ही मुक्त हो सका है।शहर में अतिक्रमण करने वालों का बोलबाला है।इसी वजह से प्रतिदिन शहर,में जाम लग रहा है।जाम से निजात के लिए भले ही सड़क और पटरियों का अभियान चलाकर अतिक्रमण कई बार हटाया गया है अतिक्र मण हटाने के अभि यान के दौरान शहर में पार्किंग स्थल,नो पार्किंग जोन,वेंडिग क्षेत्र और नो वेंडिंग जोन का निर्धा रण किया गया है।इनसे संबंधित सूचना बोर्ड भी लगाया गया है,मगर न तो पूरी तरह अति क्रमण हट सका है और न जाम से ही मुक्ति मिली है।नगर पालि का परिषद कि ओर से चलाया गया अभियान और लगवाया गया बोर्ड बेमतलब साबित हो रहा है। कारण जहां नो पार्किंग का बोर्ड लगा है,वहां बेधड़क वाहन पार्क हो रहे हैं और जहां नो वेडिंग का बोर्ड खड़ा है उसके नीचे व आसपास ही ठेला तथा खोमचा की दुकानें लग रही हैं।गोण्डा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में गुरु नानक चौराहे पर लगे नो वेड़िग जोन के बोर्ड के नीचे व अगल बगल एक दर्जन से अधिक फल,सब्जी मुंगफ ली चाट की दुकानें लगती हैं।चौक बजार क्षेत्र का भी यहीं हाल है।नो पार्किंग में वाहन पार्क होते हैं और नो वेडिंग जोन में ठेलों पर दुकानें सजती हैं।नो पार्किंग वाले इलाकों में पार्क वाहन व नो वेडिंग वाले इलाकों में लगी दुकानें बोर्ड का मजाक उड़ाती हैं।वही लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों की लापरवाही और नगर पालिका परिषद के अभियान चलाकर मौन साध लेने से ऐसा हुआ है।नो पार्किंग इलाकों में पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं।शहर के व्यस्त इलाकों में से एक पीपल चौराहे पर आमतौर पर जाम आए दिन लगा रहता है।वही गुरु नानक चौराहे के पास जिला महिला अस्पताल सूरज कंपलेक्स के सामने वाहनों की अवैध पार्किंग है।जहाँ शॉपिं ग मॉल में भीड़ होने की वजह से वाहन सड़क तक खड़े होते हैं जिससे कि आने जाने वाले वाहनों को समस्या होती है और जाम लगता है।सड़क पर ट्रैफिक की रेलिंग लगी हुई है।दोनों पटरियों का अतिक्र मण हटवाया गया है।बावजूद इसके आवागमन सुगम नहीं हो पा रहा है।इसका कारण सड़क पर ही वाहनों का पार्क होना है।यही हाल बड़गांव पुलिस चौकी स्टेशन रोड इलाके का भी है।पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक की मुख्य शाखा के सामने वाहन पार्क होते हैं।इससे जाम लगता है।लोगों को आवाग मन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।अभियान चलाकर सड़क की पटरियों को खाली कराया गया है।सम्बंधित बोर्ड भी लगवाया गया है।

# वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर एसएसबी द्वारा लगा मेडिकल व पशु चिकित्सा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में जनकल्याण कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत ग्राम गौरा पिपरा (वाइब्रेंट विलेज) में मानव एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस शिविर में सीमांत मुख्यालय, लखनऊ द्वारा नामित डॉ. ए.के. सिन्हा (कमांडेंट/पशु चिकित्सा) तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार (मिहींपुरवा) के नेतृत्व में चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में निवासरत नागरिकों एवं पशुपालकों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उपचार तथा पशु रोगों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को मजबूत करना, पशुपालकों को जागरूक करना तथा राष्ट्रीय अवसर के माध्यम से नागरिकों में एकता, सद्भावना और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। 59वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, नानपारा के समन्वय से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

# सीएम साहब,गोंडा में अधिकांश अफसरों के नहीं उठते सीयूजी मोबाइल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के अधिकंाश सरकारी अधिकारी सीयूजी नंबर नहीं उठाते हैं।ये भी नहीं कि फोन करने वाले कोई आम लोग होते हैं,बल्कि सरका री कार्यालयों के जिम्मेदार लोग भी जब प्रगति की जानकारी लेने के लिए फोन करते हैं तो गोंडा के अधिकारी जल्दी सीयूजी नम्बर उठाना मुनासिब नहीं समझते।इसे व्यस्तता कहें या कुछ और, ये तो वही लोग जानते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री योगी सरकार की जो मंशा थी,उस पर जनपद के आला अधिकारी पलीता लगाते दिख रहे हैं।अभी आम लोगों की शिकायत तो अलग है, जो फोन करते-करते तक जाते हैं, लेकिन उनकी कोई सुधि नहीं लेता है।हां कभी-कभी उनके सहायक जरुर उठा लेते हैं और बोलते हैं कि साहब अभी व्यस्त हैं।ऐसे में इमर जेंसी होने पर फोन डायल करने वालों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ऐसी स्थिति में आम आदमी को शासन तक अपनी जानकारी पहुंचाना एक चुनौती बन जाता है।कुछ तो शातिर अधिकारी उस सीयूजी नंबर को अपने मोबाइलों में इस प्रकार व्यव स्थित करके रखते हैं कि वह सीयूजी नंबर हमेशा पहुंच से दूर ही बताता रहता है। बताते चलें कि आमजन की सुविधा एवं लोगों को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिम्मेदार अधिकारि यों और कर्मचारियों को सीयूजी मोबाइल नंबर एलाट किए गए हैं। यही नही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सीयूजी नंबर को व्हाट्स एप पर भी उपलब्ध रखने का आदेश दे रखा है किंतु सीयूजी नंबर धारक ऐसे जिम्मेदार अधि कारियों,कर्मचारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस आदेश की हवा ही निकाल दी है।सीयूजी नंबर पर व्हाट्सएप चलाने की तो बात दूर है। सीयूजी नंबर पर आई काल तक को रिसीव करना मुनासिब नहीं समझते हैं। अब तो चारों तरफ से यही आवाज आ रही है कि योगी जी जैसे कड़क मुख्यमंत्री के रहते यदि यह हालत है तो दुसरे के रहने पर क्या होगा, पता नहीं। ज्ञातव्य हो कि हर पीड़ित व्यक्ति किसी संकट में यह परेशानी में ही सीधा संवाद अधिकारियों से करके न्याय की उम्मीद करता है, लेकिन उसे निराशा ही हाथ लग रही है।यही कारण है कि इन बेलगाम और बेअंदाज अधिकारियों के चलते लोगों को सुलभ न्याय नहीं मिल पा रहा है।सबको पता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को दिये गये सीयूजी नंबर खुद ही रिसीव करने का सख्त आदेश दे रखा है, इसके बावजूद भी जनपद के अधिकारियों पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है।अब तो थक हार कर लोग यह कहने लगे हैं कि योगी जी,अब आप ही कुछ करिये,ताकि जनपद में अधिकारी सीयूजी नंबर उठाने लगे।

# सीमा क्षेत्र में नशा उन्मूलन व कौशल विकास पर परिचर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज (रामपुर) रुपईडीहा परिसर में नशा उन्मूलन एवं कौशल विकास विषयक परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधन और किसान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक, पर्यावरणविद, किसान एवं बड़ी संख्या में समाजसेवी शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर अवैध नशा कारोबार के क्रय-विक्रय, उपभोग और उत्पादन पर पूर्ण रोक लगाने के लिए सामूहिक जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। परिचर्चा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्थानीय नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सीमाई ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एसएसबी द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही जनकल्याण की भावना से अशक्त एवं बीमार लोगों को निःशुल्क औषधि व उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। लैंड पोर्ट अथॉरिटी के चीफ करनजीत पाल सिंह ने कहा कि सीमा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों के बीच आपसी संवाद और समन्वय स्थापित कर सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत और नेपाल के बीच व्यापारिक गतिविधियों और सामान्य आवागमन को सुगम बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। महामना मालवीय मिशन अवध क्षेत्र के संयोजक संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि समान राष्ट्रवादी और धार्मिक संगठनों, गायत्री परिवार-संघ परिवार तथा पर्यावरणविदों के सहयोग से गांव-गांव जाकर अवैध नशा कारोबार के क्रय-विक्रय, उपभोग और उत्पादन के विरुद्ध व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षाविद पंडित मनि शर्मा ने बढ़ते नशा प्रचलन पर चिंता व्यक्त करते हुए इस कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जे.पी. सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा अनेक बहुआयामी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन किसान परिषद के संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा निर्धन एवं अशक्त लोगों को कंबल एवं ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लैंड पोर्ट के अधिकारी सुधीर शर्मा, डिप्टी कमांडेंट अभिनव कश्यप, पर्यावरणविद दुर्गेश वर्मा, समाजसेवी चंद्र प्रकाश मिश्रा, प्रवक्ता आयुष वर्मा, डॉ. हर्षित श्रीवास्तव, प्रवक्ता राजीव श्रीवास्तव, अध्यापक बनारस गिरी, मंजू शर्मा, विनीता सोनकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर अवैध नशा पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक संकल्प लिया और कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।



## नशे की बढ़ती लत से युवाओं का भविष्य ख़तरे में..समाज सेवी सुशील मिश्रा

गोंडा । इसमें युवाओं में बढ़ती नशे की लत को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। महानगरों और छोटे शहरों में अवैध मादक पदार्थ बड़ी आसा नी से उपलब्ध हो जाते हैं। युवा पीढ़ी के ऐसे अभिभावक, जो अपनी व्यापारिक व्यस्तताओं में उलझे रहते हैं, अपने बच्चों को समय नहीं दे पाते।वह कहां जाता है, किससे मिलता है उस के मित्रों की आदतों की जानकारी लेने की चिं ता नहीं करते हैं।ऐसी लापरवाही से ही युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आती चली जाती है। गलत संगत में पड़कर नशा करने की छोटी-छोटी शुरुआत से ही धीरे-धीरे नशे की आदत उसके शरीर पर गहरी पकड़ बना लेती है। ऐसी अवस्था में नशे की भूख उसके लिए असहनीय हो जाती है, तब नशीले पदार्थों का सेवन करने के लिए अपने अभिभावकों पर पैसा लेने के लिए दबाव डालने लगता है। मना करने पर तरह-तरह की धमकियां देने लगता है।पैसा नहीं मिलने पर चोरी जैसी बुराई को अपना लेने में भी शर्म महसूस नहीं करता है।ऐसी परिस्थिति आने पर नशे की लत पर अंकुश लगाने में अभिभावक भी असमर्थ हो जाते हैं। युवाओं की चिंताजनक स्थिति होने के बाद ही नशे के जाल से निकालने के लिए अभिभावकों की चेतना जागृत होती है। पर शायद तब तक देर हो चुकी होती है। नशे की आदत के शिकार युवाओं के मां-बाप सामाजिक बदनामी से डरकर किसी परामर्श आश्रम में भेज कर उसका इलाज कराने से भी हिचकने लगते हैं। अब सरकारी तंत्र के पुलिस विभाग को युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर लगाम लगाने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देना होगा। जिस युवा पीढ़ी के बल पर सरकार देश के विकास की प्रगति के स्वप्न देख रही है, वह युवा नशे के जाल में फंस कर अपना दिमागी संतुलन खोता जा रहा है।

# 50 हजार का इनामिया गैंगस्टर मलखान सिंह गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में परसपुर पुलिस और यूपी एसटी एफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50,हजार रुपये के इनामिया गैंगस्टर आरोपी मलखान सिंह को गिरफ्तार किया है। मलखान सिंह गैंगस्टर के मुकदमे में फरार चल रहा था और उस पर चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है।

आरोपी मलखान सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर परसपुर,नगर कोतवाली और देहात कोतवाली क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों में शामिल था।इन घटनाओं के संबंध में उसके खिलाफ तीन माह पहले परसपुर थाने में गैंगस्ट र एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह लगातार फरार चल रहा था मलखान सिंह की गिरफ्तारी के लिए गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायस वाल ने 50,हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।तीन माह बीत जाने के बाद भी जब पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई, तो गोंडा आईजी देवी पाटन रेंज अमित पाठक ने भी 50, हजार रुपये का इनाम घोषित किया और यूपी एसटी एफ को भी इस मामले में लगाया गया। यूपी एसटीएफ लखनऊ और परसपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गैंगस्टर मलखान सिंह पुत्र राकेश उर्फ भोदर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे परसपुर थाना क्षेत्र के मरचौर मोड़,ग्राम हर दिहा डीहा टावर के पास से पकड़ा गया। गिर फ्तार आरोपी एक आपराधिक गिरोह का सद स्य है।भौतिक और आर्थिक लाभ के लिए चोरी नकबजनी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। यह गिरोह गोंडा जिले के साथ-साथ जिले के बाहर भी लगातार ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहा था,जिसके खिलाफ पुलिस का फी समय से कार्रवाई में जुटी थी।परसपुर थाना ध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि यूपी एसटी एफ के निरीक्षक प्रताप नारायण सिंह और पर सपुर पुलिस टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है।यह लगातार हमारे क्षेत्र में कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चु का था अन्य जगहों पर अंजाम दे रहा था जिस के खिलाफ तीन माह पहले हमारे यहां गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।आ रोपी की गिरफ्तारी के लिए आईजी देवी पाटन रेंज द्वारा 50,हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था जिसे आज संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है।इसके अन्य आरो पियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है उनके बारे में भी पूरे मामले को लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब परिवार के बच्चों को मिलेगा प्रवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## प्रवेश हेतु आवेदन 02 फरवरी से प्रारम्भ

बहराइच । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 01 व पूर्व प्राथमिक कक्षा में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश दिये जाने को लेकर शासन ने शैक्षिक सत्र-2026-27 की समय सारिणी जारी कर दी है। आरटीआई पोर्टल आरटीआई25 डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर ऑनलाइन आवेदन एवं लाटरी हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के सम्बन्ध में कार्य एवं तिथियों के निर्धारण सम्बन्धी विस्तृत निर्देश प्रदान किया गया है।

बीएसए श्री सिंह ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया तीन चरणों में सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में आवेदन 02 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक किये जा सकेगे। इसी अवधि में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आवेदन पत्रों का सत्यापन एवं लॉक किया जायेगा। प्रथम चरण की लाटरी 18 फरवरी 2026 को होगी, जबकि विद्यालय आवंटन के सापेक्ष नामांकन के लिये बीएसए द्वारा आदेश 20 फरवरी तक जारी किये जायेंगे।

इसी प्रकार द्वितीय चरण में आवेदन 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक स्वीकार किये जायेंगे। सत्यापन की अंतिम तिथि 07 मार्च 2026 निर्धारित की गयी है। इस चरण की लाटरी 09 मार्च 2026 को निकाली जायेगी और 11 मार्च 2026 तक नामांकन आदेश जारी किये जायेगे। तृतीय चरण में आवेदन 12 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 तक लिये जायेगे। लॉटरी 27 मार्च को होगी और 29 मार्च 2026 तक विद्यालयों को नामांकन के आदेश निर्गत किये जायेंगे। सभी आवंटित बच्चों का प्रवेश 11 अप्रैल 2026 तक कराना अनिवार्य होगा।

बीएसए ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये जनपद के सभी गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रारम्भिक कक्षाओं की कुल क्षमता के न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों का शत प्रतिशत मैपिंग एवं पंजीकरण कराया जायेगा। आवेदन में अभिभावक द्वारा अपने ग्राम पंचायत/वार्ड का चयन किया जायेगा, जिसके आधार पर आस-पास में स्थित अधिकतम 10 विद्यालयों का वरीयता/क्रमानुसार चयन किया जायेगा। आस-पास की परिभाषा के अंर्तगत स्थानीय निकाय अर्थात ग्राम पंचायत यथवा नगरपंचायत/नगरपालिका के वार्ड को इकाई समझा जायेगा। अर्थात जिस ग्राम पंचायत/वार्ड में विद्यालय स्थापित होगा उसी ग्राम पंचायत/वार्ड के उक्त श्रेणी के पात्र बच्चों को इसका लाभ अनुमन्य होगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में नोडल अधिकारी नामित कर नामांकन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया गया है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये जनपद स्तर पर जिला समन्वयक सामु.सह. के मो.न. 9415904392 तथा नोडल अधिकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी 9839306695 तथा विकास खण्ड हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

## झारखंड से लापता मासूम भाई बहन की खोज में सहयोग करें आमजनः विराट शिरोमणि



बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने बताया कि झारखंड के जनपद रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मौसीबाड़ी मल्लार कोचा स्थित घर से दो लापता बच्चों अंश आयु 05 वर्ष व अंशिका आयु 04 वर्ष (भाई-बहन) 02 जनवरी 2026 से लापता है। स्थानीय पुलिस व जिला प्रशासन बच्चों की खोज में प्रयासरत है। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि स्टेट लीगल सर्विस अथारिटी के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा लापता मासूम बच्चों की खोज जैसे नेक कार्य सहयोग करने की अपेक्षा की गयी है। सचिव द्वारा आमजन के साथ साथ मीडिया प्रतिनिधियों से बच्चों की खोज में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गई है।

## आज पुलिस लाईन में आयोजित होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश दिवस-2026 एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को सांय 06:00 बजे से पुलिस लाइन प्रांगण में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। मॉक ड्रिल में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, राज्य आपदा मोचन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, अग्निशमन एवं आपात सेवायें, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बन्धित विभागों/संस्थानों/संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

## औरैया में उप्र दिवस और मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश दिवस और आगामी मतदाता दिवस के आयोजन को भव्य व व्यवस्थित बनाने के लिए अधिकारियों को गुरुवार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर और वॉलंटियर सम्मानित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं का अधिकतम प्रचार-प्रसार स्टालों पर फ्लेक्स, बैनर और पम्पलेट के माध्यम से किया जाए, ताकि आमजन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, मोबाइल शौचालय और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनपद प्रभारी मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र और लाभार्थी चेक वितरित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि लाभार्थियों को व्यवस्थित बैठाया जाए, ताकि वितरण में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। इसके अतिरिक्त, सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि डुप्लीकेट वोटर्स का सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। कार्यालयों में कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी और शपथ समारोह की फोटो निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, धान खरीद, खनन विभाग की कार्यवाही, निराश्रित गौवंश संरक्षण और छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा भी की और संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रेया श्रीवास्तव पुत्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ग्राम दिनकर पुर तहसील मनकापुर जनपद गोंडा का निवासिनी हूँ। जब कि मेरे आधारकार्ड में त्रुटि वश श्रीजता श्रीवास्तव ( SRIJTA SRIVASTAVA ) अंकित हो गया है,जबकि मेरा सही नाम श्रेया श्रीवास्तव (SHREYA SRIVASTAVA ) है जो सत्य एवं सही है।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री मृतकों के परिजनों से मिले, शोक संवेदना व्यक्त की, परिजनों को मुआवजा चेक सौंपे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी भारत सरकार जितिन प्रसाद ग्राम चंदिया हजारा पहुंचकर स्व0 सुमित पुत्र छोटू ढाली एवं सौरभ पुत्र मिठाई सरकार के निधन पर उनके परिजनों से मिले और शोक संवेदना व्यक्त की। मौनी अमावस्या पर धनाराघाट मेले में डूबे मृतकों के परिजनों को मुआवजो चेक प्रदान किए। उन्होंने मृतक सुमित ढाली के परिजनो को आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, अन्त्योदय राशन कार्ड जारी कराने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने परिजनों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। केन्द्रीय राज्यमंत्री जी ने शारदा नदी पर निर्माणाधीन धनाराघाट पुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि पुल निर्माण कार्यो को निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाये और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। पुल के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### शारदा नदी पर निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण, कार्यदायी संस्था को मानक के अनुरूप कार्य कराने के दिए निर्देश

निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि धनाराघाट पुल की मांग लम्बे समय से चली आ रही जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण हो जाने से तहसील व जिला मुख्यालय तक आवागमन सुगम होगा।

वहीं बरसात व बाढ़ के दौरान होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण से क्षेत्र की ज्वलंत समस्या का समाधान हो रहा है, पुल निर्माण का ऐतिहासिक कार्य हो रहा है। सरकार द्वारा 270 करोड़ की सौगात क्षेत्रवासियों को दी जा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार का जो सपना था यह सेतु उस सपने को पूरा करेगा, आवागमन बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पीलीभीत को मॉडल लोकसभा क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने का कार्य किया जायेगा। पर्यावरण सुरक्षा के साथ साथ उद्योग विकसित किए जाएगें, इससे भी बड़ी परियोजनाएँ पीलीभीत की धरती पर उतारी जाएगीं। इस क्षेत्र का कायाकल्प किया जायेगा। एमएलसी सुधीर गुप्ता ने पुल निर्माण के लिए केन्द्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुल के निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और व्यापार, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच आसान होगी।कार्यक्रम के दौरान एमएलसी डॉ0 सुधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ,पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडु, देवस्वरूप पटेल, प्रधान नरेश पाल सिंह , सहित जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे हैं।

# नशा सुंघाकर दंपति को किया बेहोश चार लाख नकदी व जेवरात ले उड़े चोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। गांव शेरपुर कला में बुधवार रात बेखौफ चोरों ने एक दंपति को नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया और घर में रखी नकदी व जेवरात ले हाथ साफ कर फरार हो गए। घटना का खुलासा गुरुवार सुबह तब हुआ, जब बच्चों के चीखने-चिल्लाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। गांव शेरपुर कला निवासी गुड्डू सब्जी बीज की फ़ेरी का काम करते हैं। बुधवार रात वह पत्नी शबाना और तीन बच्चों के साथ खाना खाने के बाद करीब साढ़े दस बजे सो गए थे। इसी दौरान चोर घर में दाखिल हो गए और दंपति को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर सोने की मांग पट्टी, हार, झुमके, चांदी की पायल सहित लगभग चार लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। नशे के असर से दंपति को सुबह तक होश नहीं आया। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे 10 वर्षीय बेटी मेहरवी की नींद खुली तो उसने माता-पिता को बेहोशी की हालत में देखा। घबराकर वह अपने पांच वर्षीय भाई मोहम्मद अयान और तीन वर्षीय बहन महरीन के साथ रोने-चिल्लाने लगी। बच्चों की आवाज सुनकर पूर्व प्रधान फैयाज सहित आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर सीओ प्रतीक दहिया पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बेहोश महिला शबाना को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने पर गुड्डू ने पुलिस को बताया कि बीज खरीदने के लिए घर में चार लाख रुपये रखे थे, जिन्हें गुरुवार को देना था। उन्होंने आशंका जताई कि चोर पास में स्थित उनके भतीजे सोनू के खाली घर के रास्ते भीतर घुसे होंगे।पुलिस को मौके से एक इंजेक्शन सिरिंज और रुमाल भी बरामद हुआ है। आशंका है कि रुमाल में नशीला पदार्थ लगाकर दंपति को बेहोश किया गया। वहीं, घटना की जानकारी पर पहुंचे मीडिया कर्मियों को करीब तीन घंटे तक गेट पर रोके जाने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश और दहशत का माहौल है। वहीं घटना की जानकारी लगते ही एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल की।

## सिगरेट देने से मना करने पर दुकानदार से मारपीट व रुपये छीनने का आरोप

पूरनपुर । नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी संजीव कुमार जौहरी ने बताया कि वह तहसील में दस्तावेज लेखन का कार्य करते हैं। उनका पुत्र नीलेश जौहरी मोहल्ला कायस्थान स्थित शान्तीपुरम गेट के सामने अपनी दुकान पर बैठा था। आरोप है कि मोहल्ले के ही तीन युवक दुकान पर पहुंचे और सिगरेट मांगने लगे। मना करने पर गाली–गलौज करते हुए दुकान का सामान फेंक दिया, जो अब भी बिखरा पड़ा है। घटना की शिकायत करने जब संजीव कुमार आरोपी के घर पहुंचे तो वह तमंचा लेकर दुकान पर आ गया और मारपीट की। आरोप है कि उसकी जेब से 2000 रुपये भी निकाल लिए और रिपोर्ट करने पर पिता–पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस से शिकायत की है।

# पार्किंग स्थल के बाहर वाहन खड़े किए तो अब कटेगा चालान : बार अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अधिवक्ताओं व वादकारियों को बार की तरफ से निर्धारित वाहन पार्किंग स्थल उपलब्ध कराने के बाद भी कई अधिवक्ता व वादकारी बार-बार कहने के बाद भी गलत तरीके से वाहन पार्क कर रहें है, जिससे सीताकुंड रोड व न्यायालय के दक्षिणी तरफ स्थित रोड पूर्ण तरीके से जाममुक्त नहीं हो पा रहा है। नया पार्किंग स्थल निर्धारित होने की वजह से बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व महासचिव दिनेश कुमार दूबे लगातार अपनी टीम के साथ अधिवक्ताओ व वादकारियों को इसके प्रति सचेत भी कर रहे है,लेकिन कई अधिवक्ता व वादकारी निर्धारित पार्किंग स्थल के बाहर वाहन खड़ा कर रहे है,जिससे अन्य लोगो को भी गलत से वाहन खड़ा करने का बढ़ावा मिल रहा है। सीताकुंड रोड व कोर्ट के दक्षिण तरफ स्थित रोड के किनारे निर्धारित स्थल के बाहर वाहन पार्क करने की वजह से पार्किंग स्थल का उद्देश्य विफल हो रहा है एवं आवागमन बाधित हो रहा है। इस स्थिति पर संज्ञान लेते हुए बार अध्यक्ष ने बुधवार को चेतावनी देते हुए साफ तौर पर कहा कि बृहस्पतिवार से निर्धारित पार्किंग स्थल के बाहर वाहन खड़े करने पर चालान काटने की कार्यवाही शुरू कराई जाएगी। उन्होंने अधिवक्ताओ व वादकारियों से निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने के लिए आग्रह किया है,ऐसा नहीं करने पर बार की तरफ से किसी प्रकार की कार्यवाही कराए जाने पर गलती करने वालो को स्वयं जिम्मेदार होने की चेतावनी दी गई है। गौरतलब है कि गत 16 जनवरी से अधिवक्ताओ व वादकारियों के लिए नगरपालिका परिषद की तरफ से पार्किंग स्थल सुपुर्द किया जा चुका है,जहां अधिकतर अधिवक्ता व वादकारी वाहन पार्क कर रहे है,पर कुछ लोग अब भी गलत तरीके से सड़क पर वाहन खड़ा कर रहे है।

## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाय : डीएम

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक,व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एमओयू क्रियान्वयन समिति व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जिला प्रबंधन इकाई की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने इकाइयों,व्यापारिक बन्धुओं से प्राप्त समस्त प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने,कराने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष उद्यमियों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत औद्योगिक क्षेत्र त्रिसुंडी में पुलिस चौकी स्थापना, औद्योगिक क्षेत्र उतेलवा में आवंटित भूखंडों पर कब्जा दिलाए जाने, औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर में टूटी हुई नालियों के पुनर्निर्माण एवं नाली की साफ सफाई कराने, औद्योगिक क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों से अवैध कब्जा खाली कराए जाने, पार्किंग व्यवस्था, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनापत्ति प्राप्त कराए जाने, विद्युत कनेक्शन तथा औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों से संबंधित अन्य सभी प्रकरणों पर भी चर्चा की तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

# निराश्रित गोवंशों को अभियान चलाकर स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित करायें : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने गुरुवार को गौरीगंज तहसील सभागार में जनपद में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व भरण पोषण को लेकर बैठक किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित घूम रहे गोवंशों को स्थानीय गौशालाओं में संरक्षित कराने के लिये अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निराश्रित घूम रहे गोवंशों को पड़कर स्थानीय गौशाला में संरक्षित कराया जाए तथा गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा, भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल, छांव, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बीमार गोवंशों की नियमित देखभाल व उनके इलाज आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गौशाला में गोवंश की मृत्यु हो जाने के उपरांत तत्काल उसका सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण सुनिश्चित कराएं, किसी भी दशा में मृत गोवंश को खुले में ना छोड़े, गड्ढा खुदवा कर सुव्यवस्थित तरीके से उसका निस्तारण कराएं। इसके साथ ही सहभागिता योजना के अंतर्गत गोवंशों की सुपुर्दगी के संबंध में जानकारी ली तथा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार गोवंशों की सुपुर्दगी योजना के तहत गायों को देने के निर्देश दिए तथा समय से भुगतान की भी कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही बैठक में जिलाधिकारी ने पचास से कम गोवंश वाले गौशालाओं में और गोवंशों को पड़कर संरक्षित कराने के निर्देश दिये तथा सभी गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व उनके भरण पोषण को लेकर शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है तथा इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीके शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रामलला प्राण–प्रतिष्ठा अवसर पर भंडारे का आयोजन:राम जानकी मंदिर में आरती, नगर वासियों ने की सुख–समृद्धि की कामना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर पूरनपुर में विशेष आयोजन किया गया इस अवसर पर पूजा पाठ कर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों, युवाओं और व्यापारियों ने भाग लिया श्रद्धालुओं ने रामलला के प्राण–प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रार्थना की और देश में सुख–समृद्धि की कामना की वही पूरनपुर के मोहल्ला बमनपुरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुन प्राप्त किया है।

## धड़ल्ले से बिक रहा चाइनीज मांझा, बस पुलिस को नहीं मिल रहा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझे की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है बंसत पंचमी पर पतंगबाजी को लेकर इसकी मांग और बढ़ गई है दुकानदारों ने पहले से ही इसका स्टॉक कर लिया था दुकानों पर चाइनीज मांझे को लेकर जांच की जा रही है लेकिन पुलिस को चाइनीज मांझा नहीं मिल रहा है चाइनीज मांझा बेहद खतरनाक है, इसमें कांच और रसायनों की मिलावट होने के कारण यह इंसानों, पशु–पक्षियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है कुछ दिनों में चाइनीज मांझे से हुईं तमाम घटनाएं सामने आ गई हैं प्रशासन और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन फिर भी इसकी बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है शहर की तमाम दुकानों पर चोरी–छिपे यह मांझा बिक रहा है अधिवक्ता मुकेश गुप्ता ने सोशल मीडिया के माध्यम से थाना प्रभारी से चाइनीज मांझा बेचने वाले पर सख्त कार्यवाही कर बन्द करने की गुहार लगाई है

## घुंघचाई पुलिस ने महिला सशक्तिकरण हेतु भ्रमण कर छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराधों/साइबर आपराधों के प्रति किया जागरूक

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन पर थाना घुंघचाई पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण कर छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र का भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने भ्रमण कर महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा, साइबर अपराध, गुड टच–बैड टच, छेड़छाड़, बाल विवाह और घरेलू हिंसा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में उन्हें डरने की आवश्यकता नहीं है ऐसी स्थिति में तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करना चाहिए पुलिस टीम ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य आवश्यक सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की। साथ ही आत्मनिर्भर, निडर और जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर पुलिस ने छात्रों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और कानून से संबंधित उनके सवालों के जवाब दिए मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों महिलाओं मे कानून के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं पुलिस ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में आगे भी इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे इसका उद्देश्य समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण बनाना है।

## खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान का सातवां चरण शुरु

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत खुरपका मुंहपका रोग से बचाव हेतु सातवें चरण का टीकाकरण अभियान गुरुवार से प्रारम्भ हो गया है। अभियान का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान ने अड़तालिस टीकाकरण टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि खुरपका मुंहपका एक गम्भीर संक्रामक पशु रोग है जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति होती है। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुये अधिक से अधिक पशुओं का समयबद्ध टीकाकरण सुनिश्चित किया जाय। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान बाइस जनवरी से दस मार्च तक कुल पैंतालिस दिनों तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जायेगा जिसमें चार माह से कम आयु के पशु एवं आठ माह से अधिक अवधि की गाभिन पशुओं को शामिल नहीं किया गया है। इस चरण में जनपद के चार लाख बीस हजार दो सौ इकसठ पशुओं का निशुल्क टीकाकरण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खुरपका मुंहपका एक विषाणु जनित संक्रामक रोग है जिसके संक्रमण से पशुओं में तेज बुखार, मुंह से लार गिरना, मुंह एवं पैरों में छाले, चारा न खाना तथा दूध उत्पादन में भारी गिरावट हो जाती है। गाभिन पशुओं में गर्भपात की संभावना बढ़ जाती है तथा समय पर उपचार न मिलने पर पशु की मृत्यु भी हो सकती है। यह रोग विशेष रूप से विदेशी नस्ल की गायों को अधिक प्रभावित करता है। इस रोग से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय समय पर टीकाकरण है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र सरकार द्वारा पोषित एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित है, जिसके अंतर्गत पशुपालकों के द्वार पर निशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए गांववार रोस्टर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार टीमें गांव गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगी।

## छोटे लोहिया' जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा

पीलीभीत। समाजवादी विचारधारा के महान स्तंभ, समाजवादी आंदोलन के पुरोधा और 'छोटे लोहिया' के नाम से विख्यात स्वर्गीय जनेश्वर मिश्र जी की पुण्यतिथि गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पीलीभीत में श्रद्धा, सम्मान और संकल्प के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन के महान नेता, प्रखर चिंतक और सिद्धांतवादी राजनीतिज्ञ थे। उन्हें सम्मानपूर्वक 'छोटे लोहिया' कहा जाता था। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता तथा गरीब-वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। कई बार लोकसभा और राज्यसभा सदस्य रहने के बावजूद उन्होंने सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। वे दिखावे की राजनीति से दूर, जमीन से जुड़े नेता थे। लखनऊ में बना जनेश्वर मिश्र पार्क उनकी स्मृतियों को जीवंत रखता है।कार्यक्रम का संचालन सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन मंसूरी ने किया। इस अवसर पर सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, वरिष्ठ नेता अशोक शमशा एडवोकेट, युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, धनपति वर्मा एडवोकेट, काशीराम सरोज, हाजी अकबर अहमद अंसारी, बी.डी. प्रजापति, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, रमेश राजा, महेश पटेल, निसार अहमद अंसारी, फूलबाबू, भगवानदीन वर्मा, अब्दुल सलीम, संजीव कुमार, महेश कुमार वर्मा, सुरेश चंद्र, वीरेन्द्र वर्मा, इरशाद खां, गनपत, अर्जुन कन्नौजिया सहित बड़ी संख्या में नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के अंत में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र जी के विचार और संघर्ष आज भी समाजवादी राजनीति के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और समाजवादी पार्टी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करेगी।

# स्पेशल एजुकेटर भर्ती पर फिर उठे सवाल अभ्यर्थियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में स्पेशल एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। भर्ती में पारदर्शिता न होने और 'रैंडम सिस्टम' के नाम पर चयन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपकर भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान काउंसलिंग और दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं है। उनका आरोप है कि उच्च मेरिट वाले उम्मीदवारों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि कम मेरिट वालों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया गया है। अभ्यर्थी स्वाति तिवारी ने बताया कि वर्ष 2025 में भी यही भर्ती धांधली के आरोपों के चलते रद्द की गई थी और इस बार भी वही स्थिति दोहराई जा रही है। उन्होंने कहा कि 22, 23 और 24 जनवरी को दस्तावेज़ सत्यापन (कट्ठु) निर्धारित है, लेकिन कई योग्य अभ्यर्थियों को न तो ईमेल मिला, न कॉल और न ही कोई संदेश।

प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि 'रैंडम सिस्टम' को पूरी तरह समाप्त किया जाए और सभी योग्य अभ्यर्थियों को एक साथ दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया जाए, जिससे भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बन सके।

अभ्यर्थियों ने बताया कि वे पहले बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय गए थे, जहां यह कहकर उन्हें लौटा दिया गया कि चयन 'रैंडम सिस्टम' से हो रहा है और इसमें कोई हस्तक्षेप संभव नहीं है। इसके बाद न्याय की आस में वे जिलाधिकारी के पास पहुंचे।

जानकारी के अनुसार, कुछ अभ्यर्थियों को 22, 23 और 24 जनवरी 2026 को ईमेल के माध्यम से दस्तावेज़ सत्यापन के लिए बुलाया गया है, जबकि कई ऐसे उम्मीदवार जो सभी मानदंडों पर खरे उतरते हैं, उन्हें अब तक कोई सूचना नहीं दी गई है।

ज्ञापन में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि 23 और 24 जनवरी को प्रस्तावित दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया को निरस्त कर सभी आवेदित अभ्यर्थियों को समान अवसर दिया जाए और भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाए।

## आपरेशन रक्षा के तहत बाल श्रम पर संयुक्त टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

अमेठी । शासन के निर्देशानुसार जनपद में बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से आपरेशन रक्षा अभियान बीती सोलह जनवरी से तीस जनवरी तक चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की गई। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) एवं मानव तस्करी रोधक इकाई (एएचटीयू) की संयुक्त टीम ने इन्हौना कस्बा एवं चौराहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री कृष्ण जलपान गृह, सोनू किराना स्टोर इन्हौना तथा ट्रैक्टर व मोटर साइकिल रिपेयरिंग की दुकानों पर कार्यरत बच्चों की जांच की गई।जांच के दौरान उपलब्ध जन्मतिथि संबंधी अभिलेखों के आधार पर सोनू जायसवाल किराना स्टोर एवं श्री कृष्ण जलपान गृह में कार्यरत बच्चे नाबालिग पाये गये।

## निर्माणाधीन पक्के पुल का जितिन प्रसाद ने किया निरीक्षण

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के धनाराघाट शारदा नदी पर लंबे समय से प्रतीक्षित पक्के पुल का निर्माण कार्य अब तेजी से चल रहा है। यह पुल भाजपा विधायक बाबूराम पासवान और पीलीभीत सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से स्वीकृत हो सका है। गुरुवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद एक दिवसीय दौरे पर पीलीभीत पहुंचे और दोपहर करीब तीन बजे धनाराघाट पहुंचकर पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जितिन प्रसाद ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हजारा क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी हो रही है। पुल के बन जाने से तहसील व जिला मुख्यालय आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, साथ ही बरसात और बाढ़ के समय होने वाली समस्याओं से भी निजात मिलेगी। इस के बाद मौनी अमावस्या के दिन यानि 18 जनवरी को शारदा नदी में स्नान के दौरान दो किशोर और एक युवक की शारदा नदी में डूबने से मौत हो गई थी।

# भारतीय किसान यूनियन ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन,15 सूत्री मांग पत्र प्रशासन को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले में भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रीयता वादी अराजनैतिक) ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष गौरीशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 15 सूत्रीय मांग पत्र प्रशासन को सौंपा। यूनियन ने बताया कि इससे पहले 3 जनवरी 2025 और 22 दिसंबर 2025 को भी मांग पत्र दिए गए थे। किसानों का आरोप है कि इन पर गहनता से विचार-विमर्श के बावजूद अब तक किसी भी विभाग ने न तो समस्याओं का समाधान किया है और न ही सक्षम अधिकारियों से कोई बातचीत हुई है। इससे किसानों में भारी आक्रोश है।किसान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि यदि 10 जनवरी तक दिए गए मांग पत्रों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो यूनियन 11 फरवरी को धरना-प्रदर्शन करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। सौंपे गए मांग पत्र में कई प्रमुख मुद्दे उठाए गए हैं। इनमें लम्भुआ तहसील के ग्राम सभा रघुनाथपुर (बधा) में गौतम बस्ती के रास्ते की समस्या का समाधान करने के लिए पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाने की मांग शामिल है। इसके अतिरिक्त, लम्भुआ तहसील के नगर पंचायत कोइरीपुर (विवेक नगर) में रमेश चंद्र भूने की भूमि पर ठेकेदार द्वारा जबरन पानी की टंकी का निर्माण कराए जाने का आरोप है। किसानों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई और तत्काल निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की। कोइरीपुर (विवेक नगर) में ही रमेश भूने की गाटा संख्या 577 पर जबरन इंटरलिंकिंग नाली निर्माण का मुद्दा भी उठाया गया। यूनियन ने पैमाइश करवाकर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई और जमीन को उसकी मूल स्थिति में बहाल करने की मांग की है।

अन्य मांगों में लम्भुआ तहसील के ग्राम सभा मैत्रीकला में बलियान गाटा संख्या 120 पर हुए अतिक्रमण को टीम गठित कर चिन्हित करते हुए हटवाने की मांग की गई। साथ ही, ककुभी के ग्राम सभा नसडे में दबंगों द्वारा सार्वजनिक रास्ते (गाटा संख्या 650) पर किए गए अतिक्रमण को हटवाकर लोगों के आवागमन को सुचारु करने की मांग भी शामिल है।

# प्रमुख मार्गों पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान अवैध होल्डिंग व अस्थायी ढांचे ध्वस्त

## नगर पंचायत प्रशासन की सख्ती, ईओ संध्या मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ हुई कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर, बाराबंकी। नगर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण और उससे उत्पन्न यातायात व जन-सुविधाओं की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नगर पंचायत प्रशासन ने आज से व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत की। अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से नगर के प्रमुख मार्गों पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की।

अभियान की शुरुआत मोहल्ला जोशी टोला से की गई। इसके पश्चात तहसील परिसर, ब्लॉक, प्राइमरी स्कूल चौराहा होते हुए पटेल चौराहा तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया गया।



इस दौरान सड़क पर रखे गए तख्त, ठेले, अस्थायी दुकानों का सामान, अवैध होल्डिंग एवं अन्य अवरोधों को हटवाया गया, जिससे आमजन को आवागमन में हो रही परेशानियों से बड़ी राहत मिली।

अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन किसी भी स्थिति में नगर की व्यवस्था और स्वच्छता से समझौता नहीं करेगा।

अभियान के दौरान अतिरिक्त निरीक्षक सिंह, कस्बा इंचार्ज अजय पांडे, पुलिस बल के जवानों के साथ नगर पंचायत के कर्मचारी लिपिक नदीम अहमद, सफाई नायक आफताब आलम, विमल कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अंत में प्रशासन ने व्यापारियों एवं नगरवासियों से अपील की कि वे स्वयं अतिक्रमण न करें और नगर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित व सुगम बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# योग्य मतदाता नहीं छूटना चाहिए : संजय कुमार

उन्नाव। उन्नाव में विशेष गहन पुनरीक्षणऽ2026 यानी एस आई आर अभियान की समीक्षा के लिए विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल जनपद पहुंचे। डीएम गौरांग राठी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। डीएम कार्यालय परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इसके बाद पन्नालाल सभागार में एस आई आर अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अभियान के तहत मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल उन्नाव पहुंचे। उनके आगमन पर जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा औपचारिक स्वागत किया गया। डीएम कार्यालय परिसर में विशेष रोल प्रेक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके बाद पन्नालाल सभागार में समीक्षा बैठक हुई बैठक में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी विधानसभा क्षेत्रों के क्टग, इक्टग, बीएलओ, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और बीएलए उपस्थित रहे। विशेष रोल प्रेक्षक ने अब तक चल रही मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसे पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाना चाहिए। ड्रॉफ्ट पब्लिकेशन के बाद दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए, ताकि समय रहते सभी आपत्तियों का निस्तारण हो सके।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। बीएलओ और राजनीतिक दलों के बीएलए के माध्यम से घर-घर तक संपर्क किया जा रहा है, ताकि मतदाता स्वयं अपनी प्रविष्टियों की जांच कर सकें। विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि उन्नाव जनपद के सभी पदाधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई है।

# शार्ट–सेंकिट से बस में लगी आग, तीन छात्राएं गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। लखनऊ से छात्र-छात्राओं को लेकर वापस अयोध्या जा रही एक निजी बस में शार्ट सर्किट के चलते अचानक आग लगी।इस घटना में तीन छात्राएं गंभीर रूप से घायल हुई।जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद घर भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक अयोध्या स्थित अवध महाविद्यालय से गुरुवार की सुबह 54 छात्र छात्राएं बीएड की परीक्षा देने लखनऊ स्थित वासुदेव महाविद्यालय व रजत महाविद्यालय के साथ ही एक अन्य महाविद्यालय में परीक्षा देने महाविद्यालय के ही तीन शिक्षकों के साथ गए थे। परीक्षा के उपरांत सभी लोग वापस लौट रहे थे तभी लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर बडेला नारायण पुर के निकट उनकी बस से शार्ट सर्किट के चलते अचानक धुआं निकलने



लगा। जब तक लोग कुछ समझते धुआ तेजी से बस के अंदर फैलना शुरू हो गया। इस बीच चालक ने बस को सड़क के किनारे रोक दिया, पर तब तक बस के अंदर बच्चों में अफरा तफरी मच गई बच्चों की चीख पुकार बस में धुआं देख कर आसपास के लोग भी तत्काल बस के शीशे तोड़कर उन्हें बाहर निकलने में लग गए, इस बीच कुछ बच्चे बस का शीशा तोड़कर नीचे कूद गए ,जिससे उन्हें मामूली रूप से चोटे भी आई। इनमें से तीन छात्राओं को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया जहां पर उनका इलाज चिकित्सकों द्वारा करके उन्हें घर भेज दिया गया घायल छात्राओं में अयोध्या जनपद की पूरा कलंदर थाना अंतर्गत गयासपुर निवासी महिमा विश्वकर्मा तारुन थाना के तारा पुर निवासी लक्ष्मी तथा रामपुर भगन निवासी रीमा शामिल रही। बस में आग लगने की सुचना तहसीलदार प्रशासन शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे और कोतवाली निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला को मिलते ही पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर राहत कार्य करते हुए बच्चों को दूसरे वाहन से गंतव्य के लिए रवाना कर दिया इस बीच राजमार्ग पर करीब आधे घंटे तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

# प्राण प्रतिष्ठा, दूसरी वर्षगांठ हुए विविध आयोजन निकली झांकी, भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रभु श्रीराम के अयोध्या में विग्रह स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के दूसरी वर्षगांठ पर जिले भर में विभिन्न आयोजन हुए। निंदूरा प्रतिनिधि अमित गुप्ता के अनुसार इस पावन अवसर पर ग्राम पंचायत अनवारी में सतीश जायसवाल के नेतृत्व में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय आत्मगौरव और सदियों की प्रतीक्षा के पूर्ण होने का प्रतीक है।भंडारे के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। ज्ञजय श्रीरामङ्क के उद्घोष से माहौल गुंजायमान रहा। आयोजन में अमन जायसवाल, गोपाल जायसवाल, मनीष जायसवाल, अन्नू जायसवाल, गोलू जायसवाल, दीपक साहू सहित अन्य गणमान्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

''सिरौलीगौसपुर'' श्रीराम लला विग्रह



स्थापना और राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ अवसर पर तहसील क्षेत्र के थानाडीह गांव में शोभायात्रा निकाली गई, वहीं इटौरा और बरोलिया में भी धार्मिक आयोजन हुए। थानाडीह गांव में श्री राम लाल विग्रह स्थापना की दूसरी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। ग्रामीणों ने ऋषि विश्वामित्र, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकियां सजाकर एक विशाल शोभायात्रा निकाली। यात्रा में शामिल ग्रामीण डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए।कार्यक्रम के अध्यक्ष राम तीरथ वर्मा ने बताया कि यह शोभायात्रा दुर्गा माता मंदिर से शुरू हुई। गांव का भ्रमण करने के बाद यह मधनापुर स्थित बाबा ख्याम दास कुटी से वापस रामकिशोर वर्मा के द्वार पर समाप्त हुई। देर रात तक भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक झांकियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस यात्रा में हनुमान जी की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।ग्राम इटौरा क्षेत्र स्थित हनुमान गढ़ी पर श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रमों की शुरुआत हनुमानगढ़ी, इटौरा से एक भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जो गांव के प्रत्येक मंदिर से हनुमानगढ़ी परिसर, इटौरा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।इस अवसर पर संतोष शुक्ला, अमित शुक्ला, हिमांशु सिंह, अमन शुक्ला, आकाश पांडे, जनार्दन तिवारी, विशाल तिवारी और संजय अवस्थी ने गांव के प्रत्येक मंदिर में पूजा-अर्चना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।बरोलिया में भी रामलीला समिति द्वारा एक विशाल शोभायात्रा निकली गई, जिसमें सैकड़ों लोग सहभागी बने।

## दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

फतेहपुर बाराबंकी। स्थानीय पुलिस ने चोरी के बर्तन समय दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम न शहर कोतवाली के कस्बा बंकी निवासी विनय कुमार पुत्र जराखन को दबोचने के बाद उसकी निशादेही पर पीली धातु के जेवरात बर्तन, तथा एक बटुली दो कटोरे और एक लोटा बरामद सामान को पुलिस ने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त विनयकुमार ने 17/18 जनवरी की रात्रि थाना क्षेत्र के ग्राम खपुरवा खानपुर स्थित एक घर से इन बर्तनों की चोरी की थी।घटना बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में थी। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवालअमित सिंह ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्जकर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## अंकुरण परिवार ने एक बार फिर निभाया पुत्र धर्म, किया लावारिश शव का दाह संस्कार

सुल्तानपुर। अंकुरण परिवार के द्वारा आज 59वें लावारिश शव का दाह संस्कार हिन्दू रीति रिवाज के साथ हथियानाला पर किया गया । अंकुरण परिवार के पास आज कोतवाली सुल्तानपुर से सूचना आई कि एक 26 से 30 वर्ष के व्यक्ति की मृत्यु तीन दिन पहले ही आजाद पार्क के पास हो गई थी। प्रशासन के द्वारा कोशिश करने के बावजूद मृतक के परिवार वालों का पता नही चल पाया,2 दिन बाद आज उनका पोस्टमार्टम हुआ। इतनी जानकारी मिलने पर अंकुरण परिवार के सदस्यों ने उनके अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी ली वृहस्पतिवार सायं 4 बजे हथियानाला पर हिन्दू रीति–रिवाज के पश्चात मृतक का दाह संस्कार किया गया व पूर्व की भांति मृतक को मुखाग्नि संस्था के मोहम्मद आरिफ खान एवं डॉ आशुतोष श्रीवास्तव ने दी,अंकुरण परिवार की तरफ से मनीष राज ,चंदन देव शुक्ला उपस्थित होकर मृतक की आत्मा हेतु शांति प्रार्थना की।कोतवाली नगर से शव के अंतिम संस्कार में आरक्षी विजय कुमार मौजूद रहे।

# ईंट लदे ट्रैक्टर ट्राला की चपेट में आने से बाईक सवार तीन युवक घायल, हालत गंभीर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी।कोतवाली असंद्रा क्षेत्र में गुरुवार की रात तेज रफ्तार व ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉला की चपेट में आने से एक ही बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर देवीगंज चौराहे के निकट हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार ईट लदे ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया है। बताया जाता है कि देवीगंज निवासी रामरूप अपने मित्र मानपुर निवासी बनवारी लाल और सर्वजीत के साथ बाइक से कहीं जा रहा था ।रात करीब 8 बजे गांव के पास जाने के दौरान ईंट लदे ट्रैक्टर ट्रॉला (यूपी 41 ए वाई 8006) की में चपेट में बाईक सवार आ गए जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजवाया ।जहां पर समाचार लिखे जाने तक उनकी हालत गंभीर बताई गई है ।

## ट्रांसफॉर्मर्स तेल चोरी, इलाके की आपूर्ति ठप

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मिरदही मोहल्ले में बीती रात अज्ञात बदमाश ट्रांसफार्मर से कीमती तेल और तांबे की कुंडलियां उड़ा ले गए। इस घटना के बाद पूरे मोहल्ले में बिजलीआपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते हैं कि सुबह तक आपूर्ति बहाल न होने पर लोगों ने विभाग को सूचित किया।

विद्युतविभाग के अवरअभियंता राकेश यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोरों ने पहले ट्रांसफार्मर में तार डालकर उसे खींचा, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया।फिर नीचे गिराकर उसमें से तेल और तांबे के पार्ट्स ले गए। विद्युतविभाग ने जल्द ही नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजलीआपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है।

## मैपिंग में वंचित मतदाताओं को नोटिस जारी , 7 दिन का समय

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। निर्वाचन विभाग ने कुर्सी क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 15,621 मतदाताओं को नोटिस जारी की हैं। इन मतदाताओं की अब तक मैपिंग नहीं हो सकी थी।सभी को सात दिनों के भीतर 15 वैध प्रपत्रों में से कोई एक जमा करने का निर्देश दिया था। यह प्रक्रिया गुरुवार सुबह से औपचारिक रूप से शुरू हुई।

प्रपत्र जमा कराने के लिए तहसील परिसर में कुल पांच टेबलें लगाई गई हैं। यहां अलग–अलग बूथों के मतदाता अपने दस्तावेज जमा कर सकेंगे। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्तिकेय सिंह को 10 बूथों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. अनूप सिंह को 16 बूथ, तहसीलदार वैशाली अहलावत को 21 बूथ न0तहसीलदार अंकिता पाण्डेय को 25 बूथ, न.त. तहजीब हैदर को 33 प्रपत्रों के सत्यापन एवं जमा करने का दायित्व दिया गया है।इसके अतिरिक्त, खंड विकास अधिकारी कार्यालय फतेहपुर में अदिति श्रीवास्तव को 33 बूथ, धर्मेन्द्र प्रसाद को 40 बूथ, अविनेश कुमार को 33 तथा आर्यन सिंह को 38 बूथ का दायित्व सोपा गया। ''निंदूरा'' खंड विकास अधिकारी आलोक कुमार वर्मा को 33 बूथ, सुषमा सेंगर को 45 , अरुण कुमार पांडेय को 28 व ओम प्रकाश को 42 बूथों की जिम्मेदारी दी गई। खंड विकास अधिकारी सूरतगंज संजयकुमार को 27 विभाकर द्विवेदी को 26 बूथों के प्रयत्र जमा करने का दायित्व सौंपा गया है।प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू होते ही सुबह से ही निर्धारित टेबलों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बुजुर्ग लाइन में लगाकर अपने दस्तावेज जमा करते नजर आए।श्री सिंह ने बताया कि प्रपत्र जमा करने के लिए फिलहाल सात दिन का समय निर्धारित किया गया है।

## समाजवादी पार्टी ने समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की मनाई पुण्यतिथि , लिया संकल्प

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में समाजवादी पार्टी द्वारा गुरुवार को महान समाजवादी चिंतक जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके समाजवादी विचारों पर चर्चा की गई और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को उनके समाजवादी विचारों के प्रति दृढ़ता के कारण छोटे लोहिया की उपाधि मिली थी। उन्होंने कहा कि आज उनकी पुण्यतिथि पर उनके बताए रास्ते पर चलने का पुनः संकल्प लेते हैं। वर्मा ने एसआईआर कार्यक्रम पर कहा कि समाजवादी पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश सरकार एसआईआर की आड़ में एनआरसी लागू करने की साजिश रच रही हैं, जिससे बड़ी संख्या में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के लोग मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समाजवादी प्रहरी ऐसा नहीं होने देंगे। इस अवसर पर सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि स्व. जनेश्वर मिश्र समाजवादियों के लिए सदैव आदर्श रहे हैं। उनके विचार हमेशा समाजवादियों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प दोहराया। जिला महासचिव आरिफ हबीब ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# अभियान चलाकर अतिक्रमण पर सख़्त प्रहार जैदपुर में चला व्यापक अतिक्रमण रोधी अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर, बाराबंकी। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में नगर पंचायत जैदपुर में नगर पंचायत एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध सघन एवं प्रभावी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कस्बे के प्रमुख व व्यस्ततम मार्गों पर फैले अवैध कब्जों पर सख़्त कार्रवाई करते हुए दर्जनों अतिक्रमण हटाए गए, जिससे आमजन को आवागमन में राहत मिली। अभियान के तहत मुख्य मार्गों पर अनधिकृत रूप से लगाए गए व्यावसायिक, प्रचारात्मक एवं राजनीतिक होर्डिंग्स को नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। यह कार्रवाई थाना चौराहे से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग मांगा ताल, सिनेमा हॉल, बड़ी बाजार होते हुए चमरहिया और पानी टंकी तक लगातार की गई।

प्रशासन की सख़्ती को देखते हुए कई अतिक्रमणकारियों ने सुबह से ही स्वयं



अपना सामान हटाना शुरू कर दिया, वहीं जिन स्थानों पर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, वहां नगर पंचायत की जीसीवी वाहन के माध्यम से अवैध कब्जों को हटाया गया।

इस पूरे अभियान में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी अपनी टीम के साथ स्वयं मौजूद रहे। उनके साथ कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में जैदपुर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे अभियान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई से कस्बे में प्रशासनिक सक्रियता का स्पष्ट संदेश गया है कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दहेज हत्या मामले में पति को सात वर्ष का कारावास, अर्थ दंड भी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रतिमा श्रीवास्तव ने थाना राम सनेही घाट से संबंधित दहेज हत्या के एक मामले में सुनवाई पूरी कर निर्णय सुनाया। आरोपित पति को दोषी करार देकर उसे सात वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया साथ ही उस पर ?10000 का अर्थदंड भी लगाया है। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता, अमित अवस्थी तथा आशीष शरण गुप्ता ने बताया कि ग्राम बनवीर बनवीर पोस्ट गोपालपुर थाना कैंट, जनपद फैजाबाद के निवासी वादी मुकदमा घनश्याम सिंह ने थाना रामसनेहीघाट में तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी संध्या की शादी श्याम सिंह उर्फ मटरू पुत्र रमेश सिंह निवासी शाहपुर ,मुरारपुर थाना राम स्नेही घाट के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ लगभग 5 वर्ष पहले किया था वादी की लड़की को इस बीच उसके पति और ससुराल वाले परेशान कर रहे थे तथा आए दिन मारते पीटते थे और उससे कहते थे कि अपने बाप से ?100000 लाकर दो नहीं तो जान से मार डालूंगा। दिनांक 17 जुलाई 2018 को वादी की लड़की संध्या ने अपने भाई अंकुर के पास फोन कर बताया कि भैया यह लोग हमें रोज मारपीट रहे हैं मेरे पेट में 4 महीने का बच्चा है कहीं उसको कुछ ना हो जाए। पापा से कह दो कि पैसे की व्यवस्था करके इन लोगों को दे दे नहीं तो यह लोग हमें मार डालेंगे। 19 जुलाई 2018 को लगभग 8:00 बजे पड़ोस की लड़की ने आकर बताया कि बुवा का फोन आया है कि संध्या के ससुराल वालों ने उसे जलाकर मार डाला हैं। वादी मुकदमा अपने परिजनों के साथ बेटी ससुराल गया तो उसकी लड़की को ससुराल वालों ने जला दिया था।वादी घनश्याम ने दामाद श्याम सिंह, जेठ जय सिंह,सास कुंता सिंह व एक अज्ञात के खिलाफ थाना रामसनेहीघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, यह भी बताया था कि उसकी बेटी के 4 साल का बच्चा था वह भी लापता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय पर प्रेषित किया था ।न्यायालय में गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने मृतका संध्या के पति श्याम सिंह उर्फ मटरू को घटना का दोषी पाते हुए उसे कारावास और जुर्माना से दण्डित किया है।तथा अन्य आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत सैमसन और किशन पर रहेगी नजर

एजेंसी




रायपुर। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें शीर्ष क्रम में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाह टिकी रहेगी। वनडे श्रृंखला में हारने के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में अंतिम एकादश से अंदर बाहर होते रहे हैं लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा। श्रृंखला के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है, वह है किशन, जिन्हें विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी। कवर पर कैच आउट होने से पहले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी संक्षिप्त पारी में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत के अधिकतर खिलाड़ी शुरू में ही हर गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाने की कोशिश में पूरी ताकत से बल्लेबाजी करते हैं। किशन भी इसी निडर रवैये को जारी रखेंगे और उम्मीद कर सकते हैं कि इसका उन्हें फायदा मिले। आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं और भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में बनाए गए 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए, इसके बावजूद टीम के प्रदर्शन ने विश्व कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को खतरनाक संकेत दिए हैं, जहां भारत मौजूदा चैंपियन के रूप में उतर रहा है। अगर भारत को टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनना है तो अभिषेक शर्मा को बुधवार रात की तरह ही शीर्ष क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। यह बाएं हाथ का बल्लेबाज अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नजर आ रहा है और उन्होंने लगभग हर गेंद को मैदान से बाहर पहुंचाने की शानदार क्षमता दिखाई है। निचले क्रम में रिंकू सिंह की टीम में वापसी और आते ही शानदार प्रदर्शन करना भारत के लिए एक और बड़ा सकारात्मक पहलू है।

# जब स्थिति सामान्य हो जाएगी, तब 'असीमित अधिकार' को लेकर सच्चाई सामने आ जाएगी: गंभीर

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने इस प्रचलित धारणा को खारिज कर दिया है कि टीम चयन में उनके पास 'असीमित अधिकार' हैं और कांग्रेस सांसद शशि थरूर द्वारा उनकी भूमिका को 'प्रधानमंत्री के बाद सबसे मुश्किल काम' बताने के बाद खुद को 'अपने ही लोगों के खिलाफ खड़ा किए जाने' पर उन्होंने हैरानी जताई है। क्रिकेट के शौकीन थरूर ने नागपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले गंभीर के साथ एक सेल्फी साझा की और पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज की लगातार आलोचनाओं के बावजूद अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उनकी प्रशंसा व्यक्त की। थरूर ने ट्वीट किया, ''नागपुर में मेरे पुराने मित्र गौतम गंभीर के साथ अच्छी और खुलकर बातचीत का आनंद लिया, जो प्रधानमंत्री के बाद भारत में सबसे मुश्किल काम संभाल रहे हैं। लाखों लोग रोजाना उन पर सवाल उठाते हैं, लेकिन वे शांत रहते हैं और पूरी निर्भीकता के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं। उनके शांत दृढ़ संकल्प और सक्षम नेतृत्व के लिए प्रशंसा के कुछ शब्द। उन्हें आज से ही सभी सफलताओं की शुभकामनाएं। गंभीर ने इस पर देर रात जवाब दिया और उन कुछ चर्चाओं का जिक्र किया जो उनके कार्यकाल में हावी रही हैं। गंभीर ने एक्स पर लिखा, ''डॉ. शशि थरूर आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जब मामला शांत हो जाएगा तब कोच के कथित 'असीमित अधिकार' को लेकर सच्चाई और तर्क स्पष्ट हो जाएंगे। तब तक मुझे खुद के खिलाफ खड़ा देखकर हंसी आ रही है। जब से गंभीर ने भारतीय टीम की कमान संभाली है, तब से टीम में तीनों प्रारूपों में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। सूर्यकुमार यादव को भारत का टी20 कप्तान नियुक्त करने से लेकर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने तक टीम में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। इस दौरान शुभमन गिल को टेस्ट और वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त किया गया था।

# धीमी पिच से खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप की तैयारी में मदद मिलेगी: पोलाक

एजेंसी



डरबन। दक्षिण अफ्रीका में एसए20 लीग के दौरान इस्तेमाल हो रही सतहों को उनकी धीमी प्रकृति के कारण आलोचना का सामना करना पड़ रहा है लेकिन प्रिटोरिया कैपिटल्स के सहायक कोच शॉन पोलाक ने बुधवार को कहा कि भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में अगले महीने से होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इससे खिलाड़ियों को तैयारी में मदद ही मिलेगी। एसए20 के मौजूदा सत्र के दूसरे हॉफ में सिर्फ एमआई केपटाउन की टीम ही 200 रन के आंकड़े को पार कर पाई जबकि कई बार खिलाड़ियों को बड़े शॉट खेलने के लिए जूझते हुए देखा गया। प्रिटोरिया कैपिटल्स के पहले क्वालीफायर में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को सात विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश करने के बाद पोलाक ने चुनिंदा भारतीय संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो इस टूर्नामेंट के आखिर में कुछ पिच विश्व कप के लिए जाने वाले खिलाड़ियों की तैयारी के लिहाज से अच्छी हैं क्योंकि गेंद रुककर आ रही है और स्पिन कर रही हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे खेलने के समय में, हम तेज पिच पर खेलने के आदी थे जिन पर गेंद तेजी से निकलती थी लेकिन हमने (पिछले कुछ मुकाबलों में) स्पिन को काफी असरदार होते देखा है इसलिए जो खिलाड़ी खेल रहे हैं उन्हें शायद तैयारी करने में मदद मिल रही है। टी20 विश्व की शुरुआत सात फरवरी से होगी जबकि इसका फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर पोलाक का हालांकि मानना है कि इस तरह की पिचों को देखते हुए 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अक्टूबर-नवंबर में होने वाले इस टूर्नामेंट की पिच तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। पोलाक ने कहा, ''उस चरण में पिचें बिल्कुल अलग होंगी। आपके पास उन्हें तैयार करने के लिए अधिक समय है। मुझे कोई चिंता नहीं है।'' दक्षिण अफ्रीका के लिए 800 से अधिक विकेट और सात हजार से अधिक रन बनाने वाले पोलॉक को खुशी है कि उनकी टीम टॉस हार गई क्योंकि उनकी टीम भी पहले बल्लेबाजी करना चाहती थी। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम खुश किस्मत थे कि हमने टॉस नहीं जीता क्योंकि हमारे खिलाड़ी भी पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे। मुझे लगता है कि यह एक धीमी सतह थी, गेंद थोड़ी पुरानी हो गई थी जिससे रन बनाना थोड़ा और मुश्किल हो गया। पोलाक ने कहा कि वह इस बात से काफी प्रभावित हैं कि एक समय 200 से अधिक रन बनाने की स्थिति में दिख रही सनराइजर्स की टीम को उन्होंने बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि जिस बात ने मुझे सबसे अधिक प्रभावित किया वह यह है कि हम ऐसी स्थिति में थे जहां लग रहा था कि वे 200 रन बना लेंगे। पोलाक ने कहा, ''लुंगी (एनगिडी) को चोट लगी थी। गेंद बल्लेबाज पर आ रही थी जिससे गिडियोन पीटर्स काफी महंगे साबित हुए। मुझे लगता है कि सबसे प्रभावशाली बात यह थी कि दूसरे खिलाड़ियों ने कैसे जिम्मेदारी संभाली। ब्राइस पार्सन्स ने तीन ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

## सिंधू, लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लक्ष्य ने हांगकांग के जेसन गुनावन को आधे घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-10 21-11 से हराया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंदी लाइन होजमार्क कजेरफ़ेल्ड पर 21-19 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला। डेनमार्क की खिलाड़ी के खिलाफ अब तक हुए छह मुकाबलों में सिंधू की यह पांचवीं जीत थी। सिंधू का अगला मुकाबला टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व की नंबर चार खिलाड़ी चीन की चेन यू फ़ेई से होगा। सिंधू और फ़ेई अब तक 13 बार एक-दूसरे का सामना कर चुकी हैं। कुल रिकॉर्ड में फ़ेई का पलड़ा 7-6 से थोड़ा भारी है। भारतीय खिलाड़ी ने आखिरी बार 2019 में फ़ेई को हराया था और वह इस रिकॉर्ड को बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगी।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **12.02.2026 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 00902026 दिनांक 21.01.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | क्रम सं. 1 | 34-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| | | क्रम सं. 2 | 35-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं. 1 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–प्रथम/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता के क्षेत्र में वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/लखनऊ के क्षेत्र में क्वार्टरों की मरम्मत जैसे प्लास्टर, सफेदी, रंगाई, पेंटिंग, दरवाजे, जल आपूर्ति, सैनिटरी फिटिंग, छोटे पुलों और एफओबी का सुधार, एलसी (लेवल क्रॉसिंग सं. 213, 211, 207, 205, 204, 219, 222, 8–सी) और आर.यू.बी पर सड़क की सतह की मरम्मत एवं आलम नगर स्टेशन के प्रवेश द्वार और प्रवेश द्वार पर नाली आदि की मरम्मत |
| | | क्रम सं. 2 | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–प्रथम/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता के उपमंडल में विविध ट्रैक कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | क्र.सं. 1 के लिए | रु. 2,04,99,980.04 |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | रु. 6,99,99,658.31 |
| 5 | धरोहर राशि | क्र.सं. 1 के लिए | रु. 2,52,500.00 |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | रु. 5,00,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 1 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | क्र.सं. 1 के लिए 29.01.2026 | क्र.सं. 2 के लिए 29.01.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 1 के लिए | 12.02.2026 at 15:00 hrs. |
| | | क्र.सं. 2 के लिए | 12.02.2026 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

**नोटः**– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **234/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# हमारी नीतियां व काम करने का तरीका दावोस में चर्चा का विषय: मुख्यमंत्री यादव

एजेंसी

दावोस। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राज्य को निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बताते हुए कहा कि राज्य की नीतियां और काम करने का तरीका अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में यादव ने कहा कि सभी भारतीय नेता यहां एक ही उद्देश्य लेकर आए हैं कि 'भारत की वृद्धि की कहानी को सामने लाना, राज्यों में निवेश बढ़ाना, युवाओं को रोजगार प्रदान करना, गरीबी कम करना और संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए दुनिया के साथ जुड़ना है। उन्होंने कहा, भारत को अपनी आर्थिक साख मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। यह एक बड़ा मंच है जहां दुनिया भर के विभिन्न निवेशक मिलते हैं और सभी क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो वर्ष में उनकी सरकार ने निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं और यह यात्रा भी उसी दिशा में है। निवेश संबंधी प्रतिबद्धताओं के बारे में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश को इस वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना बड़ी बात है और उनके दल ने विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को स्पष्ट रूप से पेश किया है। यादव ने कहा, '' हमारी नीतियां और काम करने का तरीका ऐसा है कि इसने एक हलचल मचा दी है और हमें इसका फायदा मिल रहा है।

## वरुण की गेंद को समझने के लिए आपके सिर की स्थिति सही होनी चाहिए: फिलिप्स

**नागपुर।** किसी भी रहस्यमयी स्पिनर को समझना बहुत मुश्किल काम होता है लेकिन न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स उन चुनिंदा बल्लेबाजों में से एक के रूप में तेजी से उभर रहे हैं जिन्होंने कम से कम कुछ हद तक इस रहस्य को सुलझा लिया है। बुधवार को यहां भारत के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ने न केवल अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से बल्कि वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिनर का सामना करने के अपने स्पष्ट तरीके के लिए भी लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लाही विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पत्रांक/मनरेगा/सामग्री आपूर्ति 2025–26 दिनांक : 17/01/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लाही विकास खंड त्रिवेदीगंज में मनरेगा योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग एवं नाला निर्माण एवं खड़ंजा निर्माण कार्य हेतु, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 24/01/ 2026 से 05 /02/ 2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफ़े में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 06/02/ 2026 को समय 2.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत रुपए में | सामग्री का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | देवैचा मेन खड़ंजा से लहबीर बाबा के स्थान तक खड़ंजा निर्माण | 4 लाख | एम–275 श्रेणी ईंट, एम–150 श्रेणी ईंट, सीमेंट, मौरंग, बालू, लोकल बालू साइन बोर्ड, इत्यादि | तीन माह |
| 2 | देवैचा RCC रोड से पंडित जी के घर तक पक्का नाला निर्माण | 4 लाख | नाला निर्माण सामग्री, ईंट , ईंट गिट्टी मौरंग सीमेंट बालू , पत्थर गिट्टी एवं अन्य आवश्यकत सामग्री | तीन माह |
| 3 | उग्रसेन के दरवाजे से जौनपुर ब्रांच तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 4 लाख | इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग जिग जैग–150 ग्रेड एम–150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईट गिट्टी –40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 व 20 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड, इत्यादि | तीन माह |

**आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।**

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत लाही**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत लाही**
**विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी**



## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड–बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्रांक मैमो0/ मनरेगा / निविदां 2025–26 दिनांक– 22/01/2026

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2025–26 में निम्नलिखित कार्यों हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फमों ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र फार्म दिनांक 23/01/2026 से दिनांक 03/02/2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 03/02/2026 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति / फर्म के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा आमंत्रण मूल्य 1000 रुपए निर्धारित है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कुल अनु. लागत (लाख में) | निविदा मूल्य मूल्य | सामग्री का विवरण | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डामर रोड से अर्जुन के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 696,273.00 | 1000.00 | सीमेंट मौरंग, पत्थर गिट्टी ईंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईंट इत्यादि समस्त आवश्यक निर्माण सामग्री | तीन माह |

**नियम व शर्ते**

1– निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे–आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा।

2– आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी एंड क्वालिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थान पर आपूर्ति करना होगा।

3– आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी।

4–जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।

5–विभिन्न प्रकार के शासकीय भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

6–आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।

7– आपूर्ति की गयी सामग्री के परिवहन हेतु भाडा किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा।

8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

9– निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

10–निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा।

11–निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा।

12–बिना कारण बताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार, सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**तकनीकी सहायक**
**शिव कुमार**
**ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया**
**विकास खण्ड–बनीकोडर–**
**जनपद बाराबंकी**

**सचिव**
**अमरेंद्र सिंह**
**ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया**
**विकास खण्ड–बनीकोडर**
**जनपद बाराबंकी**

**प्रधान**
**मीरा देवी**
**ग्राम पंचायत मानपुर मकोहिया**
**विकास खण्ड–बनीकोडर**
**जनपद बाराबंकी**

# विश्व को मर्यादा का बोध कराना भारत का नैतिक दायित्व : मोहन भागवत

एजेंसी

नागौर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को यहां कहा कि भारत का ऐतिहासिक और नैतिक दायित्व विश्व को मर्यादा का बोध कराना है और यह कार्य न तो भाषणों से होगा, न पुस्तकों से, बल्कि व्यवहार और आचरण के माध्यम से ही संभव है। डॉ. भागवत राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के छोटीखाटू में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के 11वें आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में आयोजित 162वें मर्यादा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मर्यादा महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में तेरापंथ समाज के श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत की परंपरा में सत्य और धर्म को केवल वैचारिक अवधारणा नहीं बल्कि जीवन पद्धति के रूप में अपनाया गया है और यही उसकी वैश्विक विशिष्टता है। आज विश्व जिन संघर्षों, सामाजिक विघटन और अस्थिरताओं से गुजर रहा है, उनके समाधान के लिए केवल तकनीक, पूंजी या सैन्य शक्ति पर्याप्त नहीं है। आवश्यकता ऐसे नैतिक ढांचे की है, जो मानव व्यवहार को मर्यादा में बांध सके। भारत के पास यह दृष्टि उपलब्ध है। संघ प्रमुख ने कहा कि शाश्वत सत्य समय और परिस्थितियों से परे होता है, किंतु उसका अनुप्रयोग हर युग में परिस्थितियों के अनुरूप करना पड़ता है। किसी भी विचार की सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब समाज के श्रेष्ठ लोग उसे अपने जीवन में जीकर प्रस्तुत करते हैं। समाज का सामान्य जन उपदेश से नहीं, बल्कि आचरण से प्रेरित होता है। इसलिए भारत में परंपरागत रूप से आध्यात्मिक और नैतिक जीवन जीने वाले व्यक्तियों को आदर्श माना



गया है। पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संकटों के मूल में असंतुलन है। विकास की अंधी दौड़ ने प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंध को कमजोर किया है। भारतीय परंपरा इस संदर्भ में सह-अस्तित्व और संतुलन की शिक्षा देती है। प्रकृति के साथ टकराव नहीं, बल्कि समन्वय ही दीर्घकालिक समाधान प्रस्तुत कर सकता है और यही दृष्टि आज के समय में अधिक प्रासंगिक हो गयी है। उन्होंने कहा कि भारतीय दृष्टि में भौतिक उन्नति आवश्यक है, किंतु वह जीवन का अंतिम उद्देश्य नहीं है। धन अर्जन को जीवन का साधन माना गया है, साध्य नहीं। इसी कारण भारतीय समाज में आज भी दान, सेवा और परोपकार की प्रवृत्ति जीवित है। भारत की संस्कृति व्यक्ति को यह सिखाती है कि अर्जन से अधिक महत्वपूर्ण अर्जित साधनों का समाजहित में उपयोग है। भारत की सभ्यता सत्य की सतत खोज पर आधारित रही है। डॉ. भागवत ने कहा कि भारतीय चिंतन की मूल मान्यता यह है कि विश्व में विविधता दिखाई देती है, किंतु मूल तत्व एक है। इस दृष्टि से सभी प्राणी परस्पर जुड़े हुए हैं और सब 'अपने' हैं। यही भाव जीवन में मर्यादा और संयम को जन्म देता है। जब व्यक्ति यह मानता है कि समस्त सृष्टि एक ही मूल से जुड़ी है, तब उसके व्यवहार में स्वाभाविक रूप से संतुलन और करुणा आती है। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और संयम जैसे मूल्य भारतीय परंपरा के मूल स्तंभ हैं। ये केवल नैतिक सिद्धांत नहीं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन के आधार हैं। सरसंघचालक ने कहा कि केवल कानून के माध्यम से जीवन की सभी जटिल समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। कानून एक सीमा तक मार्गदर्शन कर सकता है, किंतु उसके आगे धर्म, अर्थात सार्वभौमिक नैतिक मर्यादा का सहारा आवश्यक होता है। धर्म का अर्थ किसी मत या पंथ तक सीमित नहीं, बल्कि वह तत्व है जो सदा, सर्वत्र और सर्वथा सभी के लिए कल्याणकारी हो।

## अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह के होंगे मुख्य अतिथि, 'एक जनपद ऽ एक व्यंजन' योजना की करेंगे शुरुआत

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। इस अवसर पर श्री शाह 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जनपद/जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके। श्री शाह समारोह में सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे और उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण करेंगे।

## पीएमजीएसवाई के तहत 10 हजार किलोमीटर परियोजनाओं को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10,000 किलोमीटर से अधिक की सड़क परियोजनाओं की मंजूरी दी गयी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आज बताया कि दूरदराज की पहाड़ियों से लेकर ग्रामीण समुदायों के मध्य तक फैली ये सड़कें मात्र बुनियादी ढांचे में सुधार का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मार्ग हैं जो कयी अवसर खोलती हैं और समावेशी विकास को बढ़ावा देती हैं। इन सड़कों के निर्माण से लगभग 3,270 अलग-थलग पड़े बस्तियों को कनेक्टिविटी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच मिलेगी। यह सड़कें ग्रामीण जीवन को बदल देंगी और एक विकसित भारत की नींव को मजबूत करेंगी। इस योजना का उद्देश्य उन बस्तियों को हर मौसम में उपयोग योग्य सड़कें उपलब्ध कराना है जो अभी तक आपस में जुड़ी नहीं हैं। इन सड़कों के साथ-साथ आवश्यक पुलों का निर्माण भी किया जाएगा। उल्लखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 सितंबर, 2024 को ग्रामीण विकास विभाग के वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना - चतुर्थ (पीएमजीएसवाई-4) के कार्यान्वयन के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

# भारत ने क्रोएशिया में उसके दूतावास पर तोड़फोड़ की निंदा की

## दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने क्रोएशिया के ज़ाग्रेब में उसके दूतावास में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दूतावास पर तोड़फोड़ की घटना के बाद गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत ने इस विषय को क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है और भारतीय दूतावास की वियना संधि के तहत सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए उन्होंने कहा , '' हम क्रोएशिया के ज़ाग्रेब स्थित हमारे दूतावास में भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई अवैध घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। वियना संधि के तहत राजनयिक परिसरों की सुरक्षा का उल्लंघन वर्जित है और उनकी सुरक्षा किया जाना अनिवार्य है। श्री जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्रालय ने इस मामले को यहां क्रोएशियाई दूतावास और ज़ाग्रेब दोनों स्थानों पर क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष सख्ती से उठाया है और इन निंदनीय तथा अवैध कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने को कहा है। प्रवक्ता ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाइयां इनके लिए जिम्मेदार लोगों के चरित्र और मंशा को भी उजागर करती हैं, और दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे तत्वों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। रिपोर्टों के अनुसार कथित रूप से कुछ खालिस्तानी तत्वों ने रात के समय दूतावास परिसर में अवैध तरीके से घुसकर वहां तोड़फोड़ की है।

# मोदी को पीछे हटने और गरीबों के एकजुट होने का मौका है मनरेगा बचाने की लड़ाई : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ शुरु हुई लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने देने और मनरेगा की बहाली के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा।

श्री गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा ''मनरेगा बचाओ मोर्चा'' के कार्यकर्ताओं के गुरुवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिंदुस्तान फिर से वापस लाया जाय। इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने गरीबों को रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार दिया था। मनरेगा के पीछे की सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो, वो सम्मान के साथ वह अधिकार के साथ काम मांग सके और अधिकार के साथ उसे काम मिले। मनरेगा को पंचायती राज के तहत चलाया जाता था और यह लोगों की आवाज और उनका अधिकार था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे




खत्म करने में लगे हैं लेकिन कांग्रेस इसके लिए लड़ रही है और सरकार को मनरेगा की बहाली के लिए मजबूर करेगी। उनका कहना था कि इससे पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिसे किसानों ने रोक दिया। जो अन्याय किसानों के साथ किया गया था, वही अब मजदूरों के साथ किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा ''कुछ साल पहले भाजपा सरकार 'तीन काले कृषि कानून' लेकर आई और इसके जरिए उसने किसानों पर आक्रमण किया लेकिन किसानों और हम सबने श्री मोदी पर दबाव डाल कर उसे रोक दिया। अब उसी तरह का हमला मजदूरों पर करने की कोशिश हो रही है और अब केंद्र सरकार निर्णय लेगी कि किस राज्य को कितना पैसा भेजा जाएगा। भाजपा शासित राज्य में ज्यादा पैसा जाएगा और विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा। केंद्र सरकार ही तय करेगी कि कब कहां काम होगा, किसको कितनी मजदूरी मिलेगी। जो अधिकार मजदूरों को मिलते थे, अब वह ठेकेदारों को मिलेंगे। भाजपा की विचारधारा है कि देश की धन, संपत्ति चुने हुए हाथों में हो और वही लोग इस देश को चलाएं। भाजपा चाहती है कि देश का पूरा धन अमीरों के हाथ में चला जाए, ताकि गरीब, दलित और आदिवासी लोग उनपर निर्भर हो जाएं और उनकी बात मानें।' श्री गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार मनमाने कानून बनाकर लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति-एक वोट' के अधिकार को खत्म करना चाहती है। उनकी मंशा है कि हिंदुस्तान के चुने हुए लोगों के पास ही शक्ति हो और वे जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। गरीबों को कुचलने और उन्हें चलाने का अधिकार भाजपा अडानी-अंबानी को देना चाहती है और सारे अधिकार उन्हें मिले तथा गरीब पूरी तरह से देश के इन अमीरों पर निर्भर होकर रहें। गरीब उनकी बात मानें और अगर नहीं मानते हैं तो गरीब भूखा मरे। यही ये लोग चाहते हैं इसलिए गरीबों को रोजगार का अधिकार देने वाले मनरेगा को खत्म किया जा रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा ''इनकी मंशा है मनमानी करना इसलिए आजादी से पहले के राजा महाराजाओं की तरह सरकार चलाना चाहते हैं। आधुनिक व्यवस्था से वे खुश नहीं हैं इसलिए पुराने रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। इनकी मनमानी रोकनी है तो इसका एक ही तरीका है कि सबको मिलकर साथ खड़ा होना पड़ेगा। मैं जानता हूं कि ये बहुत डरपोक लोग हैं और यदि हम मिलकर एक साथ खड़े हुए तो ये पीछे हट जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा जनता का अधिकार है और कांग्रेस पार्टी इसे किसी कीमत पर मरने नहीं देगी। कांग्रेस का हाथ हमेशा मजदूरों के साथ रहा है और आगे भी मजबूती से मजदूरों के साथ रहेगा। उनका कहना था कि यह लड़ाई गांव बचाने की है क्योंकि गांव बचेगा तो देश बचेगा इसलिए इस लड़ाई को हम सबको मिलकर लड़ना है। इस बीच कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कार्यक्रम समापत होने के बाद पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि इस लड़ाई में कांग्रेस अकेली नहीं है बल्कि पूरा विपक्ष एकजुट है और उनकी एकजुटता संसद के बजट सत्र में दिखाई देगी।

# उच्चतम न्यायालय ने भोज शाला में शांतिपूर्ण बसंत पंचमी पूजा और जुमा नमाज का निर्देश दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादित भोजशाला, कमाल मौला परिसर में बसंत पंचमी पूजा और शुक्रवार की जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए विस्तृत निर्देश जारी किये हैं।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ गुरुवार को हिंदू पक्षकारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। इसमें 23 जनवरी को पूरे दिन वसंत पंचमी की धार्मिक गतिविधियों की अनुमति मांगी गयी थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से संरक्षित भोजशाला 11वीं सदी का स्मारक है। हिंदू इसे देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर बताते हैं, जबकि मुस्लिम इसे कमाल मौला मस्जिद मानते हैं। वर्ष 2003 की व्यवस्था के तहत हिंदुओं को मंगलवार को पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुसलमान शुक्रवार को नमाज अदा करते हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि वसंत पंचमी की पूजा और हवन सूर्योदय से सूर्यास्त तक किये जाने का प्रस्ताव है। वहीं मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने अदालत को सूचित किया कि जुमा नमाज 1 से 3 बजे के बीच होती है। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्य परिसर खाली कर देंगे। वही अपर महाधिवक्ता (एएसजी) के एम नटराज और मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता (एसजी) ने अदालत को आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनायी रखी जायेगी। जब श्री जैन ने सुझाव दिया कि बिना बाधा के पूजा जारी रखने के लिए नमाज 5 बजे के बाद हो तो श्री खुर्शीद ने कहा कि जुमे की नमाज का खास वक्त होता है, इसलिए 5 बजे के बाद ऐसा करने में कठिनाई आयेगी और इसे पुनर्निर्धारित नहीं किया जा सकता। एएसजी ने इसके बाद सुझाव दिया कि मस्जिद समिति नमाज में उपस्थित लोगों की



अपेक्षित संख्या जिला प्रशासन को उपलब्ध कराये, जिससे प्रशासन अलग से एक स्थान बना सके और यदि आवश्यक हो तो पास जारी कर सके। श्री खुर्शीद ने उसी दिन विवरण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। समझौते को रिकार्ड करते हुए पीठ ने निर्देश दिया कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच उसी परिसर के भीतर नमाज के लिए एक विशेष और अलग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाये, जिसमें अलग प्रवेश और निकास हो। हिंदू समुदाय के लिए भी वसंत पंचमी की रस्में अदा करने के लिए अलग स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। न्यायालय ने आगे निर्देश दिया कि प्रशासन उचित उपाय करे। इसमें पास जारी करना भी शामिल है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। पीठ ने दोनों समुदायों से अपील की कि वे आपसी सम्मान रखें और शांति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए राज्य और जिला प्रशासन के साथ सहयोग करें। यह आवेदन 2024 में धार की मौलाना कमालुद्दीन वेलफ़ेयर सोसायटी की दायर विशेष अनुमति याचिका में आया था। इसमें मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को चुनौती दी गयी थी, जो एएसआई को भोजशाला, कमाल मौला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश देता है।

अप्रैल 2024 में शीर्ष अदालत ने सर्वेक्षण जारी रखने की अनुमति दी थी, लेकिन संरचना के स्वरूप को बदलने वाली खुदाई समेत किसी भी अन्य कार्रवाई पर रोक लगा दी थी और न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना सर्वेक्षण के नतीजों पर भरोसा करने पर भी रोक लगा दी थी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सर्वेक्षण पूरा कर लिए जाने और अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफ़ाफ़े में उच्च न्यायालय को सौंपे जाने का संज्ञान लेते हुए उच्चम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि उच्च न्यायालय रिपोर्ट खोल सकता है, इसकी प्रतियां संबंधित पक्षों को प्रदान कर सकता है और उन्हें अपनी आपत्तियां दर्ज कराने की अनुमति दे सकता है। पक्षकार रिपोर्ट के संवेदनशील हिस्सों का निरीक्षण अपने अधिवक्ताओं की उपस्थिति में कर सकते हैं। न्यायालय ने विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को इस निर्देश के साथ निपटा दिया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित रिट याचिका पर विचार एक खंडपीठ करे। इसकी अध्यक्षता वहां के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से एक करें और कानून के अनुसार अंतिम सुनवाई के लिए कार्रवाई आगे बढ़ायें।

# दावोस में ट्रंप का 'शांति बोर्ड' लॉन्च: संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर करेंगे काम

एजेंसी

दावोस। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान अपने बहुप्रतीक्षित 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) का औपचारिक अनावरण किया।

इस अंतरराष्ट्रीय निकाय के चार्टर पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान श्री ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि यद्यपि उन्होंने अतीत में संयुक्त राष्ट्र की आलोचना की है, लेकिन वह चाहते हैं कि उनका यह नया बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर काम करे। उन्होंने कहा कि ''एक बार जब यह बोर्ड पूरी तरह से गठित हो जाएगा, तो हम जो चाहें कर सकेंगे और हम इसे संयुक्त राष्ट्र के साथ तालमेल बिठाकर करेंगे।'' श्री ट्रम्प ने अपने संबोधन में गाजा संघर्ष को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए हमास को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि हमास को अपने हथियार डालने होंगे, अन्यथा उनका अंत निश्चित है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल-गाजा युद्ध अब अपने समाप्ति की ओर है और उनका शांति बोर्ड गाजा के पुनर्निर्माण तथा वहां एक स्थायी शांति व्यवस्था कायम करने में मुख्य भूमिका निभाएगा। इस समारोह में 20 से भी कम देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना और पराग्वे जैसे देश प्रमुख रहे। ब्रिटेन, फ्रांस और अन्य पश्चिमी यूरोपीय देशों ने इस समारोह से दूरी बनाए रखी, जिससे पश्चिमी देशों के बीच इस पहल को लेकर मतभेदों के संकेत मिले हैं। श्री ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के ''काफी करीब'' हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और श्री जेलेंस्की दोनों ही अब इस संघर्ष को विराम देने के लिए समझौता करने के इच्छुक हैं। श्री ट्रम्प ने दोनों नेताओं के बीच व्याप्त ''अत्यधिक नफरत'' को समझौते की राह में बड़ी बाधा बताया, लेकिन साथ ही जोर दिया कि यदि वे समझौता नहीं करते हैं तो यह उनकी ''मूर्खता'' होगी।

# पेज एक का शेष

### सौ साल के...

निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, स्किट्स प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता, आदि का आयोजन किया जाएगा। भारत स्काउट एण्ड गाइड की ओर से मुख्य द्वार पर मुख्य अतिथि का स्वागत किया जाएगा। राज्य स्तरीय आयोजन स्थल पर लोकतंत्र की थीम पर विभिन्न जिलों से आई 6 टीमें अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

### चुनाव आयोग ने प्रस्तुत...

राजनीतिक दलों, चुनाव अधिकारियों को जोड़ता है और मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूची खोज, अपने आवेदन को ट्रैक करें, अपने उम्मीदवार को जानें, चुनाव अधिकारियों से जुड़ें, बीएलओ के साथ कॉल बुक करें, ई-ईपीआईसी डाउनलोड, मतदान रुझान, शिकायत निवारण, और अन्य जैसी प्रमुख सेवाओं को एक सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर लाता है। इस मंच का 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। प्रति दिन औसतन 2.7 लाख फॉर्म की दर से आज तक इस पर 10 करोड़ से ज़्यादा पंजीकरण फॉर्म संसाधित किये जा चुके हैं। प्लेटफॉर्म पर 11 लाख से ज़्यादा बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) पंजीकृत हैं। एसआईआर के दौरान इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब तक 150 करोड़ से ज़्यादा दस्तावेज़ों का डिजिटलीकरण किया गया है। आयोग ने कहा है कि ईसीआईनेट जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की निगरानी के लिए एक सहज तंत्र भी प्रदान करता है।

सनातन धर्म को ...

होनी चाहिए जो भारत को मजबूत बनाएं। योगी आदित्यनाथ ने पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए राम मंदिर निर्माण को याद किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर एक कल्पना थी, लेकिन अच्छी सरकार बनने से वो हकीकत बन गया। आज अयोध्या में राम मंदिर की पताका फहरा रही है, काशी में भी ऐसा हो रहा है। आज प्रयागराज में चार करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने भविष्य की बात करते हुए कहा कि आगे 1 हजार साल भारत का डंका बजेगा। हमें राजनीति से नहीं, जनता से और प्रदेश से विकसित होना है। यहां बाबा बुद्ध नाथ के आशीर्वाद से मुरथल में कोई मांसाहार नहीं करता। अगर मुरथल नशा मुक्त हो सकता है, तो युवा नशे से दूर रहेंगे। योगी ने नशे को युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और कहा कि नशे और समाज की कुरीतियों के खिलाफ अभियान चलाना चाहिए। दुश्मन अब सेना से नहीं, पीछे से नशे के जरिए युवाओं को निशाना बना रहे हैं। जिस देश की युवा पीढ़ी नशे में डूबेगी, उसका कोई भविष्य नहीं। नशे को पहले रोका जाएगा। यह पीढ़ियों को खत्म करने का काम करता है। सीमाओं के पार से आने वाले नशे और उसके सप्लायर्स को पुलिस को सूचित करें। उन्होंने धर्मांतरण और लव जिहाद पर सख्ती की बात की। कहा कि केरल हाई कोर्ट ने भी लव जिहाद को इस्लामिक राज्य बनाने की साजिश बताया था। इसे रोकने के लिए सनातन धर्म को मजबूत करना होगा। धर्म उपासना होनी चाहिए, लेकिन थोपा नहीं जा सकता। हरियाणा की धरती से कृष्ण भगवान ने गीता का उपदेश दिया, अच्छे कर्म करने चाहिए। योगी ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि देव तुल्य नदियों को खराब करने का अधिकार किसी को नहीं। तालाबों का संरक्षण, नदियों को पुनर्जीवित करना हमारा काम है। हरियाणा में सरस्वती नदी को जीवित करने का काम किया गया।''अंत में उन्होंने अयोध्या में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के दर्शन का जिक्र किया और कहा कि हर मंदिर को धाम में बदलने का दायित्व हमारा है। जो भी विकृति सनातन धर्म को खराब करेगी, उसे मोर्चा खोलकर बाहर किया जाएगा। शताब्दी महोत्सव का आयोजन हमारा लक्ष्य है, सभी रूपों से विकसित भारत बनेगा।

### डोडा सड़क हादसे में...

सिंह और कमांड हॉस्पिटल के इंचार्ज मेजर जनरल (डॉ.) संजय शर्मा से भी बात की है। उन्होंने लिखा'' हमारे बहादुर जवानों के प्रति गहरे सम्मान की भावना को व्यक्त करने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।'

### सरकार बजट सत्र...

रखती है और विपक्षी दल भी विभिन्न विषयों तथा मुद्दों पर अपने सुझाव देते हैं। सत्र को आम सहमति से चलाने के दृष्टिकोण के लिहाज से यह बैठक महत्वपूर्ण होती है। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा जिसमें एक फरवरी को वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी जिसमें वह दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करेंगी। इसके बाद 29 जनवरी को वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा पेश की जाएगी। सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक चलेगा और दोनों चरणों में कुल मिला कर 30 बैठकें होंगी।

### 'सिदूर फार्मेशन' में...

'अर्जन' फ़ॉर्मेशन में एक सी-130 और दो सी-295 परिवहन विमान होंगे, इसके बाद 'वरुण' फ़ॉर्मेशन में पी-8आई समुद्री गश्ती विमान सुखोई-30 लड़ाकू विमानों के साथ दिखाई देगा। इस ब्लाक का मुख्य आकर्षण राफ़ेल लड़ाकू विमानों की छह-विमानों वाली 'वज्रांग' एरोहेड फ़ॉर्मेशन, जो एकल राफ़ेल द्वारा वर्टिकल चार्ली मैन्यूवर के साथ समाप्त होगी, जो सटीकता और उत्कृष्टता का प्रतीक है। वायु सेना राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि समारोह का नेतृत्व करेगी, जिसमें स्क्वाड्रन लीडर हेमंत सिंह कण्यार को कमांडर, गार्ड ऑफ ऑनर के रूप में नामित किया गया है। यह श्रद्धांजलि सशस्त्र बलों के शहीद नायकों को सम्मानित करती है। गणतंत्र दिवस परेड की एक महत्वपूर्ण विशेषता भारतीय वायु सेना मार्चिंग दस्ते का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर जगदेश कुमार करेंगे। उनका मार्गदर्शन स्क्वाड्रन लीडर निकिता चौधरी, फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रखर चंद्राकर और फ्लाइट लेफ्टिनेंट दिनेश सुपरन्यूमेरी अधिकारी के रूप में करेंगे। वायु सेना बैंड का नेतृत्व सार्जेंट चार्ल्स एंटनी डैनियल करेंगे, जो परेड के दौरान ''साउंड बैरियर'' धुन बजाते हुए बैंड का मार्गदर्शन करेंगे।

### युग का आगाज, एमओयू...

योजना, भूमि उपयोग और परियोजना क्रियान्वयन को एकीकृत किया। एक्सप्रेसवे-आधारित औद्योगिक क्लस्टर, मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब, ट्रांस-गंगा सिटी और ग्रेटर नोएडा निवेश क्षेत्र ने राज्य को इंफ्रास्ट्रक्चर-ड्रिवन इकोनॉमी की दिशा में अग्रसर किया। जिला स्तर तक डेटा-आधारित योजना आज उत्तर प्रदेश की पहचान बन चुकी है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर, ब्रह्मोस इंटीग्रेशन सुविधा, अदानी डिफेंस जैसी मेगा यूनिट्स ने राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा उत्पादन का केंद्र बनाया। वहीं डेटा सेंटर नीति, आईटी-आईटीईएस विस्तार और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) के जरिए उत्तर प्रदेश डिजिटल और नॉलेज इकॉनमी का नया हब बन रहा है। यह बदलाव केवल निवेश नहीं, बल्कि भविष्य की नौकरियों और तकनीकी नेतृत्व का आधार है। बुंदेलखंड, पूर्वांचल व तराई क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों की स्थापना साबित करती है कि योगी सरकार का विकास मॉडल केवल पश्चिमी यूपी तक सीमित नहीं। वर्ष 2017 के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय संतुलन के साथ औद्योगिकीकरण साकार हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने यह साबित कर दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, सख्त प्रशासन और स्पष्ट विजन से किसी भी राज्य की तस्वीर बदली जा सकती है। यूपी अब बीते कल की चुनौतियों में नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं में जी रहा है। एक ऐसा प्रदेश, जो भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने को तैयार है।

# गायत्री मंत्र जन-जन की चेतना और राष्ट्र परिवर्तन की शक्ति: शाह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने सम्पूर्ण मानवता को व्यक्ति निर्माण का मार्ग दिखाया, जो सर्वजन कल्याण के लिए है। भारतवर्ष पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उपकारों से कभी ऋणमुक्त नहीं हो सकता। हम बदलेंगे, युग बदलेगा का सूत्र ही राष्ट्र परिवर्तन की कुंजी है। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह यहां शांतिकुंज, हरिद्वार अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन भूमि पर विशेषकर सप्तर्षि भूमि शांतिकुंज में आकर हजारों वर्षों की तपस्या की ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के उपकारों से कभी ऋणमुक्त नहीं हो सकता। आचार्यश्री ने गायत्री महामंत्र को जन-जन तक सर्वसुलभ बनाया, वैश्विक मानवतावाद की अवधारणा को सुदृढ़ किया और वैज्ञानिक अध्यात्मवाद को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि हम बदलेंगे, युग बदलेगा का सूत्र ही राष्ट्र परिवर्तन की कुंजी है। गायत्री महामंत्र केवल संस्कृत का मंत्र नहीं, बल्कि जप करने वाले साधक के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला जीवन मंत्र है। उन्होंने कहा कि जो भारत और उसकी संस्कृति को समझता है, वह जानता है कि विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान भारतीय संस्कृति में निहित है। समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के रोपित अखिल विश्व गायत्री परिवार रूपी बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का स्वरूप धारण कर चुका है, जो विश्वभर के असंख्य लोगों को ज्ञान, संस्कार और सद्भाव की छाया प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गायत्री परिवार केवल एक धार्मिक संस्था नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक नवजागरण का एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जो भारत की आध्यात्मिक चेतना को देश की सीमाओं से बाहर ले जाकर विश्व के कोने-कोने तक पहुँचा रहा है। शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह आयोजन हम सभी के सौभाग्य का दिन है, जो माता भगवती देवी के अवतरण के शताब्दी वर्ष से जुड़ा हुआ एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक अवसर है। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि यह भूमि योगियों और साधकों की रही है, जहां से स्वाभिमान, साधना और तप की परंपरा ने राष्ट्र को दिशा दी है।

# मुख्यमंत्री ने मुनक नहर के पुनरुद्धार, छठ घाट के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को ड्राई मुनक नहर के पुनरुद्धार एवं छठ घाट के विकास, सर्विस रोड के निर्माण तथा सिंगलपुर पुल के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि छठ पूजा, दुर्गा पूजा और गणेश पूजा जैसे हमारे पर्व हमारी पहचान हैं। यह नया छठ घाट लोगों की आस्था, परंपरा और संस्कृति का केंद्र बनेगा। ड्राई मुनक नहर के पुनरुद्धार से यह क्षेत्र साफ, सुंदर और उपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से शालीमार बाग, पीतमपुरा, केशवपुरम, नेताजी सुभाष प्लेस, पंजाबी बाग और कोहाट एन्क्लेव के आसपास रहने वाले लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। यहां एक साथ 3,000 से 4,000 लोग मॉर्निंग वॉक के लिए आ सकेंगे। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर होगी। इस मौके पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल, कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधायक पूनम भारद्वाज, केशवपुरम जिलाध्यक्ष अजय खटाना उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने आजादपुर में आधार सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को आजादपुर में आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि अब लोगों को अपने घर के पास ही जरूरी डिजिटल सेवाएं सरल और सुविधाजनक तरीके से मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आधार' आज गरीब के अधिकार, सम्मान और सरकारी योजनाओं का मजबूत आधार बन चुका है। इससे केंद्र और दिल्ली सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना लीकेज, सीधे और पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचता है। इस अवसर पर विधायक अशोक गोयल देवराहा समेत स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने सिवान को दी 202 करोड़ की सौगात




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिवान। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में सीवान जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में सीवान जिले की 202 करोड़ रुपये की लागत से कुल 71 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 157 करोड़ रूपये की 40 योजनाओं का शिलान्यास एवं 45 करोड़ रुपये की 31 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मैरवा के प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा सीवान जिले में संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक, स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री द्वारा तेल प्रसंस्करण इकाई हेतु सूर्यान्स एफपीओ को 9 लाख 90 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही फार्म मशीनरी बैंक के लिए मुकेश कुमार, ग्राम कयलगढ़ बढ़ेरिया को 8 लाख रुपये की अनुदान राशि का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त झोपड़ी मशरूम इकाई हेतु धर्मेंद्र राम को 89,750 रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। कृषि सखियों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि वे सभी प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों को निरंतर जागरूक कर रही हैं। सरकार द्वारा उन्हें 5 हजार रुपये प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इस प्रकार सीवान जिले के 11 प्रखंडों में कुल 23 कृषि सखियों को 5 हजार रूपये प्रतिमाह की दर से प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, इसके लिए हम सभी मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजना सीवान आंदर पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का आंदर ढाला के समीप स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस सड़क के निर्माण का काम लगभग 24 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष निर्माणाधीन कार्य काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त प्रगति यात्रा के दौरान घोषित पचरुखी बाईपास मोहम्म्दपुर मोड़ (एनएच-531) से छपिया-टेढ़ीघाट-गोपालपुर (एनएच-227) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य, मौनिया बाबा महावीरी झंडा मेला को बिहार राज्य मेला प्राधिकार के प्रबंधन अंतर्गत सम्मिलित करने हेतु स्वीकृति प्रदान करना, भण्टापोखर जीरादेई पथ वाया जामापुर बाजार तक चौड़ीकरण एवं मजूबतीकरण का कार्य, सीवान जिलान्तर्गत राज्य उच्च पथ संख्या- 89 (बबुनिया-सिसवन रोड) पर सीवान यार्ड, सीवान रेलवे स्टेशन से पचरुखी रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या-91 (रेलवे किमी 386/36-38) के बदले आरओबी (सड़क उपरी पुल) के निर्माण कार्य योजना का क्रियान्वयन प्रगति पर है।

# गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए डीएम ने पदाधिकारियों के साथ की समन्वय बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बिहारशरीफ। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की।

बैठक के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य समारोह स्थल पर बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, झंडातोलन एवं राष्ट्रीय गान, राष्ट्रीय ध्वज की सलामी, विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां की प्रस्तुति, समारोह स्थल से संबंधित व्यवस्थाओं की देखरेख एवं उसका पर्यवेक्षण, भीड़ तंत्र पर नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था ,स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान, खेलकूद का आयोजन, शहर की साफ सफाई, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, महादलित टोलों में झंडा तोलन, मार्च पास्ट एवं झांकियां की प्रस्तुतीकरण आदि कार्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। झंडातोलन कार्यक्रम में मुख्य समारोह स्थल सोगरा उच्च विद्यालय परिसर, बिहारशरीफ में, नालंदा समाहरणालय, जिला परिषद कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, बिहारशरीफ गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, नगर निगम, थाना परिसर, कारगिल पार्क में श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण पुलिस लाइन बिहार शरीफ पूर्वाहन में झंडातोलन कार्यक्रम निर्धारित की गई है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा बेहतरीन झांकियां प्रस्तुतीकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 13 विभागो के द्वारा झांकियों का भव्य प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रस्तुत झांकी में कन्या भ्रूण हत्या एक अपराध को दर्शाया जायेगा।

## 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान जन आंदोलन बना : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के 11 वर्ष भारत की सामाजिक चेतना में आए सकारात्मक परिवर्तन के सशक्त प्रतीक हैं। यह अभियान आज एक सरकारी योजना से आगे बढ़कर जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है। इसने सामाजिक दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन लाते हुए बेटियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर गुरुवार को पोस्ट करते हुए कि हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। वे खेल के मैदानों में पदक जीत रही हैं, विज्ञान और तकनीक में नवाचार कर रही हैं, कॉर्पोरेट जगत में नेतृत्व कर रही हैं और सीमाओं पर देश की रक्षा में तैनात हैं। शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक बेटियों की बढ़ती भागीदारी नए भारत की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने नारी शक्ति के सशक्तीकरण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रधानमंत्री का हृदय से आभार प्रकट किया।

# बिहार के सरकारी स्कूलों में 31 जनवरी को होगा पीटीएम, बच्चों के सर्वांगिण विकास पर जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार के सरकारी स्कूलों में बच्चों के शिक्षा की स्थिति और उनके सर्वांगीण विकास को और अधिक मजबूत बनाने के लिए एक खास तैयारी की गयी है।बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा विभाग ने अभिभावकों को भी पूरी तरह सक्रिय करने की योजना बनायी है, जिसके लिए प्राथमिक शिक्षा निर्देशालय ने राज्य के सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारियों को एक पत्र जारी कर सभी प्रारंभिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी यानि पीटीएम करने का निर्देश दिया है। जारी पत्र में अधिकारियों को 31 जनवरी को पीटीएम करने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने यह बैठक बच्चों के सर्वांगिण विकास को ध्यान में रखते हुए कुछ खास मुद्दों को चुना है। विभाग ने पीटीएम का थीम रखा है-हम और आप मिलकर करेंगे बच्चों का समग्र विकास। इस बार की पीटीएम का सबसे अहम मुद्दा बच्चों में बढ़ती मोबाइल और सोशल मीडिया की लत है। आज के समय में बच्चों का अधिक समय मोबाइल और सोशल मीडिया पर बीत रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई, व्यवहार और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को निर्देश दिया है कि वे अभिभावकों को बच्चों द्वारा मोबाइल और सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही, बच्चों को वास्तविक जीवन की गतिविधियों और खेलकूद से जोड़ने पर जोर देने को कहा गया है, ताकि वे मोबाइल की दुनिया से बाहर निकलकर स्वस्थ गतिविधियों में शामिल हों। पीटीएम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर भी विशेष चर्चा की जाएगी। अक्सर देखा जाता है कि बच्चे बिना नाश्ता किए या भूखे स्कूल आ जाते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और सेहत दोनों प्रभावित होती हैं। ऐसे में शिक्षकों को अभिभावकों से यह कड़ा संदेश देने को कहा गया है कि वे अपने बच्चों को पोषण युक्त भोजन कराकर ही विद्यालय भेजें। बच्चों की सेहत और पोषण पर चर्चा करके स्कूल और परिवार के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकेगा, जिससे बच्चों का शारीरिक विकास भी सही दिशा में होगा।

# छात्र के साथ मारपीट के आरोप में शिक्षिका रजनी निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नवादा। नवादा जिला शिक्षा विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए मध्य विद्यालय हिसुआ की शिक्षिका रजनी कुमारी को छात्र के साथ मारपीट और अनुचित आचरण के आरोप में गुरुवार को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को छात्र के पिता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि शिक्षिका ने छात्र के साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया और मामला सड़क पर आ गया। जांच के दौरान विद्यालय के बच्चों से पूछताछ में यह बात सामने आई कि शिक्षिका द्वारा अक्सर धार्मिक टिप्पणी की जाती थी और पूर्व में भी छात्रों के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हिसुआ द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने पर शिक्षिका ने 1 जनवरी 2026 को अपना पक्ष रखा, लेकिन आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षिका को निलंबित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हिसुआ कार्यालय को मुख्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए कार्यक्रम पदाधिकारी को जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जो 45 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपेंगे। आदेश की प्रति संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। हालांकि बिहार सेवा नियमावली और शिक्षा विभाग के प्रावधानों के अनुसार, जब किसी शिक्षक को निलंबित किया जाता है, तो आदेश में ही उनके 'मुख्यालय' का निर्धारण कर दिया जाता है।

# नालंदा जिले में मेडिएशन फोर नेशन 2.0 विषय पर जागरूकता शिविर आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नालंदा, बिहारशरीफ। नालन्दा जिले के इसलामपुर प्रखंड अंतर्गत कोचरा कुशवाहा भवन में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के द्वारा मुख्य न्यायधीश उच्च न्यायालय पटना के निर्देशन में मेडियेशन फोर नेशन 2.0 विषय पर आज गुरुवार को नालन्दा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला जज गुरुविन्दर सिंह मलहोत्रा व प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव तथा अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति हिलसा के अध्यक्ष सह एडीजे आलोक कुमार पाण्डेय व सचिव सह एसडीजेएम शोभना स्वेतांकी के संयुक्त तत्वावधान में पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं पीएलवी आलोक कुमार के नेतृत्व में मेडियेशन फोर नेशन 2.0 विषय पर आमलोगों के बीच लीगल जानकारी मुहैया करायी गयी। इस विषय पर पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने बताया कि मध्यस्थता फोर नेशन 2.0 भारत के न्यायिक तंत्र की एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य विवादों का शीघ्र सुलभ और सौहार्दपूर्ण समाधान करना है। इस अभियान को देश के न्यायाधीशों विशेषकर उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों का सक्रिय समर्थन प्राप्त है पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू के द्वारा मेडियेशन फोर नेशन 2.0 को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया है। न्याय का सरल और मानवीय माध्यम है न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों के बोझ को कम करने में मध्यस्थता अत्यंत प्रभावी है। आपसी सहमति से समाधान समाज में शांति और विश्वास को बढ़ाता है मध्यस्थता से समय , धन और मानसिक तनाव की बचत होती है पारिवारिक , वैवाहिक , संपति, श्रम और वाणिज्यिक विवादों में यह अत्यंत उपयोगी है मेडियेशन एक्ट 2023 की भावना को जन जन तक पहुंचानान्याय व्यवस्था को अधिक जनहितैषी और प्रभावी बनाना है। इस मौके पर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने यह अपील की है कि विवादों को अदालत तक ले जाने से पहले मध्यस्थता को अवसर दें, क्योंकि संवाद ही स्थायी समाधान का मार्ग हैन्याय केवल निर्णय नहीं, बल्कि समाधान है, और जब समाधान संवाद से निकले, तो वही सच्चा न्याय होता हैसंवाद ही समाधान है और मध्यस्थता ही न्याय का मानवीय स्वरूप मध्यस्थता न केवल न्यायालयों के बोझ को कम करती है, बल्कि समाज में शांति, विश्वास और सौहार्द को भी मजबूत करती है।

## सरस्वती पूजनोत्सव के लेकर नालंदा जिले में लागू की गई यातायात नियंत्रण योजना

बिहारशरीफ। सरस्वती पूजनोत्सव के अवसर पर बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात संचालन करने के उद्देश्य से आयोजित गुरुवार से यातायात नियंत्रण योजना लागू की गई है। यह ट्रैफिक रेगुलेशन प्लान 22 जनवरी से 25 जनवरी तक प्रभावी रहेगा। यह जानकारी ट्रैफिक डीएसपी खुर्शीद आलम ने दी। डीएसपी ने बताया कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती आवागमन प्रतिमा विसर्जन एवं भीड़भाड़ को देखते हुए कई मार्गों पर छोटे एवं बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। प्रतिबंधित मार्गों में दर्शाया गया है कि नगर निगम क्षेत्र में तीन पहिया, चार पहिया वाहन टोटो आदि छोटे सवारी वाहनों का परिचालन इन मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगा जिसमें प्रमुख तौर पर भराव मोड़ से पोस्ट ऑफिस मोड़ पुल होते हुए नवाब रोड, बिचली खंदक एवं कटरा पर की ओर जायेगी। बिचली खंदक मोड़ से बनौलिया महल, सालुगंज मोड़ होते हुए बाबा मणिराम अखाड़ा तक मोगलकुआं मस्जिद से बसारविगहा की ओर जायेगी और भैंसासूर मोड़ से टेलीफोन एक्सचेंज, धनेश्वर घाट एवं आलमगंज की ओर कुमार सिनेमा तिनमुहानी से धनेश्वर घाट सोगरा कॉलेज से दरगाह तीनमुहानी नदी मोड़ होते हुए बाबा मणिराम अखाड़ा तक बदला गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063